●वर्ष : 16 ●अंक : 106 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक
# लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित
रविवार 04 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# 'छोटे किसान भारत की सबसे बड़ी ताकत'

## पीएम मोदी बोले- कई देशों में काम आ सकता है हमारा मॉडल



नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा के साथ ही पोषण को भी जरूरी बताया। इसके लिए प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि छोटे किसान भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यहां के 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है। कई विकासशील देशों की भी ऐसी ही स्थिति है। इसलिए हमारा मॉडल कई देशों के काम आ सकता है।

### ›› पांच दिन चलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों का यह 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जो पांच दिनों तक चलेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कृषि हमारी आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

### ›› ग्रंथ का किया जिक्र

पीएम ने कहा कि दो हजार वर्ष पहले का ग्रंथ कृषि पराशर वैज्ञानिक खेती का दस्तावेज है। इसमें कृषि पर ग्रहों एवं नक्षत्रों का प्रभाव, बादलों के प्रकार, वर्षा को नापने का तरीका, मौसम पूवार्नुमान, जैविक खाद, पशुओं की देखभाल, बीज की सुरक्षा, भंडारण आदि अनेक विषयों पर विस्तार से बताया गया है।

### ›› प्राचीन कृषि परंपरा का जिक्र भी किया

पीएम ने अर्थशास्त्रियों को भारत की प्राचीन कृषि परंपरा के बारे में भी बताया। कहा कि भारत जितना प्राचीन है, उतनी ही पुरानी कृषि को लेकर हमारी मान्यताएं हैं। खाद्यान्न और पोषण पर आज इतनी चर्चा हो रही है, किंतु हजारों वर्ष पहले हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि सभी पदार्थों में अन्न श्रेष्ठ है। इसीलिए अन्न को औषधीय प्रभावों के साथ इस्तेमाल करने का पूरा आयुर्वेद विज्ञान है, जो भारतीय जीवन का हिस्सा है।

### ›› दूध, दाल व मसालों का भारत सबसे बड़ा उत्पादक

भारत में पहला कृषि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 1958 में हुआ था। पीएम मोदी ने 65 वर्ष पहले के उस दौर को याद करते हुए कहा कि तब भारत आजाद ही हुआ था और हमारी खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए बड़ी चुनौती थी, मगर आज हम खाद्य अधिशेष देश हैं। दूध, दाल एवं मसालों का सबसे बड़ा तथा खाद्यान्न, फल सब्जी, कपास, चीनी, चाय एवं मछली का दूसरा बड़ा उत्पादक हैं।

### ›› सुपरफूड के रूप में उभरा काला चावल

पीएम ने कहा कि चावल की कुछ किस्में ऐसी हैं, जिन्हें 20 प्रतिशत कम पानी चाहिए। काला चावल सुपरफूड के रूप में उभरा है। हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे कृषि और पर्यावरण दोनों को लाभ हो रहा है। कृषि की चुनौतियों का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि पानी की कमी और जलवायु परिवर्तन के साथ ही पोषण बड़ी चुनौती है। इसका समाधान भारत के पास है।

### ›› बजट में कृषि के सतत विकास पर फोकस

खाद्य के साथ पोषण सुरक्षा के लिए भी हम दुनिया को समाधान दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि हम बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को प्रोन्नत कर रहे हैं। इसके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। इस साल के बजट में कृषि के सतत विकास पर बड़ा फोकस है। हमारा जोर शोध पर है। दस सालों में हमने जलवायु के अनुकूल फसलों की 19 सौ प्रजातियां दी हैं।

### ›› देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र

पीएम ने कहा कि हम मिलेट्स के सबसे बड़े उत्पादक हैं। अपने इस बास्केट को दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं। भारत में कृषि शिक्षा और अनुसंधान का मजबूत इकोसिस्टम है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के ही सौ से ज्यादा रिसर्च संस्थान हैं। कृषि और संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए पांच सौ से ज्यादा कॉलेज हैं। सात सौ से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं जो किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने में मदद करते हैं।

ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



## सत्ता हो विपक्ष, राजनीति तो स्वाभाविक है

विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार ने बजट को लेकर राजनीति की है। विपक्ष का आरोप है कि इस बजट में नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू ने अल्पमत सरकार को समर्थन देने की कीमत वसूली है। आरोप यह भी है कि सरकार बचाने के लिए बीजेपी ने बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया है, जबकि अन्य राज्यों को कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। आरोप को बढ़ाते हुए विपक्ष यहां तक कह रहा है कि यह पूरे देश का बजट नहीं है। कांग्रेस तो यहां तक कह रही है कि मौजूदा बजट उसके चुनाव घोषणा पत्र की कॉपी है। जहां तक बजट में राजनीति का सवाल है तो शायद ही कोई सरकार या दल होगा, जिसने अपने कार्यकाल में प्रस्तुत बजट में राजनीति ना की होगी। हर राजनीतिक दल की अपनी विचारधारा है, उसका अपना एजेंडा होता है, उसका अपना वोट बैंक होता है। बजट हो या अन्य सरकारी फैसले, हर राजनीतिक दल और सरकार अपने कदम उठाते वक्त उनका ध्यान रखती है। इसके साथ ही हर राजनीतिक दल अपने भावी और लक्षित वोट बैंक को लुभाने के लिहाज से भी फैसले लेता है। हर राजनीतिक दल की चाहत होती है कि उसका मौजूदा वोट आधार बढ़े। इस लिहाज से भी वह अपने राजनीतिक फैसले लेता है और उसकी सरकारें भी अपनी नीतियां इसी हिसाब से बनाती और बढ़ाती हैं। इस नजरिए से देखें तो अगर मोदी सरकार ने नीतीश और नायडू के राज्यों को कुछ विशेष सहूलियतें दी है तो कोई गलत नहीं है। अगर बिहार बाकी राज्यों की तुलना में पिछड़ा है, वह जनसंख्या पलायन का दंश झेलने को मजबूर है तो हर सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि उस देश के साथ कदमताल करने के लिए बिहार को अगर सहूलियत देनी पड़ी तो दे। मदद का हाथ बढ़ाना पड़े तो बढ़ाए। अगर आंध्र प्रदेश को भी मदद की दरकार हो तो मिलनी चाहिए। सिर्फ बिहार और आंध्र ही नहीं, जो राज्य पिछड़ा है, उसे आगे लाने और उसे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मदद की स्पष्ट नीति होनी चाहिए। अव्वल तो हम देश को एक इकाई के तौर पर देखने का दावा करते हैं। अपना संविधान नागरिक को देश की मूल इकाई घोषित करता है। इस लिहाज से हर नागरिक बराबर है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# झारखंड की किन महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार रुपये?



नूना न्यूज एजेंसी

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्यभर में लगाई गई शिविर के साथ शनिवार को लांच हो गई। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उन सभी महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह एक हजार रुपये मिलेंगे, जिनके नाम राशन कार्ड (कोई भी) में हो। लाभुक को सिर्फ झारखंड का निवासी होना चाहिए। स्थानीयता प्रमाणपत्र होना जरूरी नहीं है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 48 से 50 लाख महिलाओं को लाभान्वित होने का अनुमान लगाया है। विभाग के सचिव मनोज कुमार ने सूचना भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में राशनकार्ड, आधार, मतदाता पहचान पत्र, बैंक खाता की प्रति ही देना होगा। सरकारी कर्मी, अनुबंध कर्मी, आयकर दाता या किसी अन्य पेंशन योजना से जुड़ी महिला इसका लाभ नहीं ले सकते। उन्होंने बताया कि महिलाओं से आवेदन लेने के लिए शनिवार से पूरे राज्य में चिह्नित जगहों पर शिविर लगाई गई है। यह शिविर 10 अगस्त तक लगाई जाएगी। हालांकि इसके बाद भी प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन लेने के लिए पोर्टल बनाया गया है, जिसके माध्यम से ही आवेदन की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### ›› जिनका राशन कार्ड में नाम नहीं, उन पर भी विचार

सचिव के अनुसार, किसी कारण से महिला का नाम राशन कार्ड में नहीं है तो उन्हें भी इस योजना का लाभ देने पर विचार किया जा रहा है। इसपर सरकार स्तर से निर्णय लिया जाना है। उनके अनुसार, किसी महिला का नाम जिस जिला के राशन कार्ड में है और वह किसी दूसरे जिले में वर्तमान में निवास कर रही है तो उसे भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

### ›› पहले दिन शाम चार बजे तक 2,582 आवेदन, दो की स्वीकृति

सचिव के अनुसर, इस योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया है। पहले दिन नेटवर्क एवं बारिश की समस्या के बाद भी शाम चार बजे तक 2,583 आवेदन आए, जिनमें लातेहार तथा पलामू में एक-एक आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि पहले दिन इस योजना को लेकर कई इश्यू आए हैं, जिनका निराकरण किया जा रहा है। कुछ जगहों पर शिविर में प्रज्ञा केंद्र संचालक (वीएलई) नहीं पहुंचे, जबकि वहां बड़ी संख्या में महिलाएं आवेदन के लिए पहुंची थीं। ई-गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड के अधिकारियों ने रविवार से सभी शिविरों में चार-पांच वीएलई के होने का आश्वासन दिया है। आवेदन के लिए शिविर शनिवार और रविवार को भी लगाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि आवेदन में किसी महिला को परेशानी नहीं हो इसके लिए वार रूम बनाया गया है तथा हेल्पलाइन भी जारी की गई है। आवेदन की फोटोकापी कर या राज्य सरकार की वेबसाइट से डाउनलोड कर भी शिविर में जमा किए जा सकते हैं। मौके पर समाज कल्याण निदेशक एसके झा, विभाग के अपर सचिव अभयनंदन अंबष्ठ आदि उपस्थित थे।

# अयोध्या में गैंग रेप के आरोपी की बेकरी पर चला बुलडोजर

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** वोट बैंक की राजनीति के चलते समाजवादी पार्टी के नेता और नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान के खिलाफ भले ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव कोई एक्शन नहीं ले रहे हों, उनके अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद चुप्पी साधें हो लेकिन मोईद के खिलाफ योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई जारी है। अयोध्या के भदरसा में जिस स्थान पर तालाब की भूमि पर कब्जा कर सपा नेता ने अपनी बेकरी बनवाई है, वहां प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई करते हुए बेकरी को तोड़फोड़ दिया। इस दौरान कई अधिकारी पूराकलंदर थाने में डटे हुए रहे। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कार्रवाई से पहले शुक्रवार शाम को आरोपी सपा नेता मोईद खान की जमीनों की जिला प्रशासन ने पैमाइश की थी। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार ने कहा कि बेकरी को अवैध पाए जाने के बाद सील कर दिया गया है और बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के घर को भी ढहाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक्शन में आने के बाद बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान की बेकरी पर शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त मानिकचंद सिंह ने छापामारी की कार्रवाई की।

# उद्धव की टिप्पणी से पता चलता है, वह औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य हैं: फडणवीस

नूना न्यूज एजेंसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ उद्धव ठाकरे की टिप्पणी ने शिवसेना नेता की औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य के रूप में साख स्थापित कर दी है। फडणवीस, ठाकरे द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने शाह को अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया था। अहमद शाह अब्दाली अफगान राजा था, जिसने पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठों को हराया था। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, अमित शाह ने औरंगजेब फैन क्लब के बारे में बात की थी। उद्धव ठाकरे ने आज साबित कर दिया कि वह वास्तव में औरंगजेब फैन क्लब से हैं। शाह ने पिछले महीने पुणे में भाजपा के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का मुखिया करार दिया था, जो 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए माफी की मांग करने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। शाह का इशारा 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद ठाकरे के भाजपा से नाता तोड़ने और कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अविभाजित) के साथ हाथ मिलाकर महा विकास आघाडी की सरकार बनाने की ओर था, जो जून 2022 में गिर गई। शनिवार को पुणे में शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने अपनी पूर्व सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर सत्ता जिहाद में लिप्त होने का आरोप लगाया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा, हमारे हिंदुत्व के बारे में समझाने के बाद अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, तो हम (भाजपा के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं। फिर आप जो कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है।

# मुस्लिम-यादव से कौन सी दुश्मनी?

## अयोध्या रेप केस पर आया सांसद अवधेश प्रसाद का बयान

नूना न्यूज एजेंसी




समाजवादी पार्टी (सपा) के अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर यादव और मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ "शत्रुता" रखने का आरोप लगाया। प्रसाद की कड़ी टिप्पणी अयोध्या में स्थानीय प्रशासन द्वारा सपा नेता मोइन खान की बेकरी को ध्वस्त करने के बाद आई, जो जिले में 12 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार मामले का मुख्य आरोपी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहुत पुरानी विचारधारा है और हम यह नहीं बता सकते कि मुसलमानों, यादवों से उनकी क्या दुश्मनी है। यह पुराना है।
हालाँकि, सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी कभी भी अपराधियों और लोगों के साथ अन्याय करने में शामिल लोगों के साथ खड़ी नहीं होती है। उन्होंने भाजपा से नाबालिग लड़की के बलात्कार का राजनीतिकरण नहीं करने का भी आग्रह किया। एएनआई से बात करते हुए, अवधेश प्रसाद ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी कभी भी अपराधियों के साथ खड़ी नहीं हुई है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है... हमारे नेता (मुलायम सिंह यादव) ने फूलन देवी को देश की सर्वोच्च पंचायत में भेजा। भाजपा ऐसी भयावह, शर्मनाक घटना पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।
इससे पहले शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने खान की बेकरी पर छापा मारकर बेकरी में बन रहे सामान को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया था. बाद में बुलडोजर से बेकरी को ध्वस्त कर दिया गया। खान पर उसी बेकरी में लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार करने का आरोप है।

# लेफ्ट और कांग्रेस पर बरसे तेजस्वी सूर्या

## वायनाड भूस्खलन को बताया मानव निर्मित त्रासदी

नूना न्यूज एजेंसी

**वायनाड।** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने वायनाड में हाल ही में हुए विनाशकारी भूस्खलन के लिए मानवीय गतिविधियों को जिम्मेदार ठहराया है और इसे "मानव निर्मित आपदा" करार दिया है। माधव गाडगिल जैसे पर्यावरण विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टि का उपयोग करते हुए, सूर्या ने इस बात पर जोर दिया कि इस त्रासदी को रोका जा सकता था और यह पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील पश्चिमी घाट क्षेत्र में वर्षों की उपेक्षा और हानिकारक प्रथाओं के कारण उत्पन्न हुई थी। सूर्या ने कहा, "वायनाड में जो हुआ वह प्राकृतिक आपदा नहीं है। यह मानव निर्मित आपदा है, मैं इसे दोहराता रहा हूं।" उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईआईटी दिल्ली सहित कई पैनल रिपोर्ट और वैज्ञानिक संगठनों ने 2000 से पश्चिमी घाट में बड़े पैमाने पर अवैध व्यावसायीकरण, खनन और उत्खनन के खतरों के बारे में राज्य सरकार को बार-बार चेतावनी दी थी। इन चेतावनियों के बावजूद, सूर्या ने कांग्रेस और केरल में यूडीएफ और एलडीएफ दोनों सरकारों पर कोई भी निवारक कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया। सूर्या ने भूस्खलन के कारणों की वैज्ञानिक और मीडिया जांच को कथित तौर पर दबाने के प्रयास के लिए वर्तमान कम्युनिस्ट सरकार की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यह समझने की कोशिश करने के बजाय कि वास्तव में क्या गलत हुआ, कम्युनिस्ट सरकार सभी वैज्ञानिक संगठनों, मीडिया संगठनों को वायनाड में आपदा को समझने से प्रतिबंधित करना चाहती है। यह एक मानव निर्मित, कम्युनिस्ट-कांग्रेस निर्मित आपदा है जो वायनाड में हुई है। इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने घोषणा की कि वायनाड के आपदा प्रभावित क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान पूरा होने वाला है, हालांकि 206 लोग लापता हैं। एक प्रेस वार्ता में, विजयन ने बरामद शवों की पहचान करने में कठिनाइयों को स्वीकार किया, जिनमें से कई चलियार नदी में पाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 शवों की पहचान अभी बाकी है और स्थानीय पंचायतें अंतिम संस्कार कराने के लिए जिम्मेदार होंगी।

# लगभग 50 लोगों के मरने की आशंका, राहत और बचाव कार्य जारी

नूना न्यूज एजेंसी



**हिमाचल प्रदेश।** के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को कहा कि बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 50 लोगों के मरने की आशंका है। सिंह ने कहा कि आधिकारिक संख्या आधिकारिक पुष्टि और खोज एवं बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही घोषित की जा सकती है। मंत्री ने शनिवार को समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि इस समय सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता शवों को निकालना और राज्य के बाढ़ प्रभावित हिस्सों में कनेक्टिविटी बहाल करना है। कांग्रेस नेता ने बताया कि 2-3 दिन पहले श्रीखंड पर्वत चोटी पर बादल फट गया था। इसके चलते रामपुर और कुल्लू के इलाकों में भारी तबाही हुई है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इलाके का दौरा किया। उन्होंने भी स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को जानकारी दी। हमने विभिन्न स्थानों पर बेली ब्रिज स्थापित करना शुरू कर दिया है। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है. प्रशासन सभी से समन्वय बना रहा है. एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राज्य पुलिस, होम गार्ड के जवान मिलकर बचाव अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता शवों को निकालना है...इसके अलावा, सरकार प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। इस संबंध में सीएम ने गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की है. हमें केंद्र से भी समर्थन मिलना चाहिए, और हम सरकार से भी यही मांग कर रहे हैं...तत्काल राहत के रूप में, सीएम ने सभी प्रभावित परिवारों के लिए 50,000 रुपये की घोषणा की है। आने वाले समय में वे मरम्मत के लिए भी मदद देंगे। आशंका जताई जा रही है कि करीब 50 मौतें हुई हैं, लेकिन ऑपरेशन जारी रहने के कारण इसकी आधिकारिक पुष्टि हो सकती है। राज्य के कई हिस्सों में भारी और लगातार बारिश के कारण कुल्लू के बंदरोल गांव में भूस्खलन जैसी स्थिति बनी हुई है। भारतीय सेना ने एक अस्थायी पुल बनाया क्योंकि रामपुर के समेज में बचाव और बहाली का काम चल रहा है। समेज, रामपुर में एसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने कहा कि सर्च ऑपरेशन जारी है। यह एक जटिल खोज अभियान है। पानी का बहाव तेज हो गया है। तो, सभी बल यहां हैं - एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, होम गार्ड, पुलिस जवान इस ऑपरेशन में भाग ले रहे हैं। ड्रोन के जरिए भी तलाश की जा रही है। सेना का रडार लाया गया है।

# दिल्ली में आईएएस उम्मीदवार ने आत्महत्या की

## नोट में 'ज्यादा किराया, गरीबी' का हवाला दिया

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** शनिवार को पुलिस ने कहा नई दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही एक सिविल सेवा उम्मीदवार ने कथित तौर पर अवसाद और दबाव को झेलने में असमर्थता के कारण आत्महत्या कर ली। अपने सुसाइड नोट में, उसने सरकार से "सरकारी परीक्षाओं में घोटाले कम करने" और "रोजगार पैदा करने" का आग्रह किया, और कहा कि वह आवास के बढ़ते किराए से तनाव में थी। अपने सुसाइड नोट में, छात्रा अंजलि ने "जीवन की समस्याओं" और "शांति की कमी" से निपटने में अपनी असमर्थता का विवरण दिया। 21 जुलाई को उसकी आत्महत्या से मृत्यु हो गई, तीन यूपीएससी उम्मीदवारों की मृत्यु से कुछ दिन पहले ओल्ड राजिंदर नगर क्षेत्र में कोचिंग सेंटरों में से एक राउ के स्टडी सर्कल के बेसमेंट में बाढ़ के कारण मृत्यु हो गई थी। अंजलि एक कमरे के लिए 15,000 रुपये का भुगतान करती थी, जिसे सीधे बढ़ाकर 18,000 रुपये कर दिया गया था, उसकी दोस्त श्वेता ने इंडिया टुडे टीवी को बताया। छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा "मुझे माफ करना मम्मी पापा। मैं अब ज़िंदगी से तंग आ चुकी हूँ, और मेरे पास सिर्फ़ समस्याएँ और मुद्दे हैं, जिनसे मुझे शांति नहीं मिलती। मुझे शांति चाहिए। मैंने इस तथाकथित अवसाद से छुटकारा पाने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मैं इससे उबर नहीं पाई। उसने यह भी लिखा कि उसने डॉक्टर से सलाह ली, लेकिन उसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं हो पाया। उसके सुसाइड नोट में लिखा है, "मेरा एकमात्र सपना यूपीएससी था, जो पहले प्रयास में ही पास हो गया था। मैं इतनी अस्थिर हो गई हूँ, यह सभी जानते हैं।" अंजलि ने यह भी लिखा कि उसे पता था कि उसकी मौत की खबर "ब्रेकिंग न्यूज" बन जाएगी। महाराष्ट्र की छात्रा दिल्ली में सिविल सेवा कोचिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र ओल्ड राजिंदर नगर में किराए के कमरे में रहकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसने सरकार से अनुरोध किया कि "...कृपया सरकारी परीक्षाओं में घोटाले कम करें और रोजगार पैदा करें। बहुत से युवा नौकरियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।" अंजलि के सुसाइड नोट में पेइंग गेस्ट (पीजी) सुविधाओं और छात्रावासों की उच्च लागत का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने अपनी मौत से पहले अपनी एक दोस्त श्वेता से पीजी किराए में बढ़ोतरी के बारे में चर्चा की थी। उन्होंने लिखा, "पीजी और हॉस्टल का किराया भी कम किया जाना चाहिए। ये लोग छात्रों से पैसे लूट रहे हैं। हर छात्र इतना खर्च नहीं उठा सकता।" दिल्ली पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है।

# केंद्रीय बजट आम लोगों के लिए निराशाजनक, मदरसों से छात्रों को स्कूलों में जबरन स्थानांतरित करना असंवैधानिक, इजराइल पर लगाम लगनी चाहिए: अमीर जमात-ए-इस्लामी हिंद

## कांफ्रेंस में इस्माइल हानियां की शहादत का मामला छाया रहा

अब्दुल हफीज

**नई दिल्ली।** अमीर जमात-ए-इस्लामी हिंद सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जमात-ए-इस्लामी हिंद के मरकज में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि "केंद्र का हालिया बजट 2024-25 लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता दिख रहा है। इसमें गरीबों, पिछड़े वर्गों, एससी, एसटी और धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए कोई विशेष राहत नहीं दिखती है। सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 4% स्वास्थ्य के लिए और 6% शिक्षा के लिए आवंटित किया जाना चाहिए लेकिन यह क्रमशः 1.88% और 3.07% ही है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए कुल बजट का केवल 0.06 प्रतिशत ही स्वीकृत किया गया है।




जबकि अल्पसंख्यकों का कल्याण जीडीपी का कम से कम 1% होना चाहिए। उन्होंने सरकार से देश में ब्याज मुक्त माइक्रोफाइनेंस और ब्याज मुक्त बैंकिंग प्रणाली को बढ़ावा देने की अपील की. इससे अर्थव्यवस्था बढ़ेगी, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और सामाजिक असमानता कम होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट लोगों के उम्मीदों के विरुद्ध है। इस बजट में एस सी एस टी और बेरोजगार नौजवानों के लिए कुछ नहीं है। इस बजट के द्वारा कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाने की कोशिश की जारही है और सारा बोझ गरीबों पर डाला जा रहा है।

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित हुआ राज्यपालों का सम्मेलन

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुए



**नई दिल्ली।** 3 अगस्त2024 राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया। श्री बागडे राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस सम्मेलन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत",एक वृक्ष मां के नाम और प्राकृतिक खेती अभियान, राज्यपालों का जनता से सतत संपर्क, राज्यपालों की भूमिका और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में राज्यपालों की भूमिका जैसे विषयों के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह आदि ने संबोधित किया।



कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने बनी पार्किंग में भरा बारिश का पानी।



अंतिम चरण में कांवड़ यात्रा।



हरिद्वार से जल लेकर आए शिवभक्तों ने आज भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

## सांसद विक्रम साहनी ने खेलो इंडिया योजना के निधि आवंटन में असमानताओं पर प्रकाश डाला

नई दिल्ली, अगस्त : संसद के मानसून सत्र में भाषण देते हुए, पंजाब के राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने खेलो इंडिया योजना के तहत निधियों के आवंटन में गंभीर असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। डॉ. साहनी ने कहा कि 117 खिलाड़ियों के राष्ट्रीय दल में 19 खिलाड़ियों के साथ पंजाब ने असाधारण प्रतिबद्धता और प्रतिभा दिखाई है, जो भारत के ओलंपिक प्रतिभागियों का 16 फीसदी है। इसके बावजूद, राज्य को महज 78 करोड़ का अनुपातहीन रूप से कम आवंटन प्राप्त हुआ है, जो कुल खेलो इंडिया योजना निधि का मात्र 3.6 फीसदी है। वहीं कुछ प्रदेशों को 438 करोड़ का आवंटन हुआ जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में केवल दो खिलाड़ियों का योगदान दिया । यह चिंता का विषय है कि निधि आवंटन में इस तरह का असंतुलन पंजाब जैसे राज्यों के एथलीटों के विकास और भविष्य की सफलता में बाधा बन सकता है।

# दिल्ली के प्रगति मैदान में 8 अगस्त से 'इंडियन डीजे एक्सपो' का आयोजन

### म्यूजिक प्रोडक्शन, इवेंट्स और एंटरटेनमेंट से जुड़े तकनीकी उद्योग की सबसे बड़ी वार्षिक प्रदर्शनी

नई दिल्ली, अगस्त : म्यूजिक प्रोडक्शन, इवेंट्स और एंटरटेनमेंट से जुड़े तकनीकी उद्योग की सबसे बड़ी वार्षिक प्रदर्शनी इंडियन डीजे एक्सपो- 2024 का आयोजन 8 से 10 अगस्त तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। प्रगति मैदान में 250 से अधिक ब्रांड्स के साथ लाउडस्पीकर से लेकर स्पीकर कम्पोनेंट्स, एम्पलीफायरों, डीजे उपकरणों, लेजर और लाइटिंग और एलईडी स्क्रीन से लेकर स्पेशल इफेक्ट्स मशीनों, केबल, कनेक्टर और स्पीकर कैबिनेट के साथ उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला देखने को मिलेगी।



अपनी इसी व्यापकता के कारण इंडियन डीजे एक्सपो प्लेटफॉर्म देश भर के उद्योग पेशेवरों को आकर्षित करता है। इस एक्सपो में बिजनेस विजिटर मौजूदा ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स रेंज से रूबरू हो सकेंगे, साथ ही नए ब्रांड्स को भारत में इवेंट्स और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के बढ़ते बाजारों में प्रवेश करने का अवसर भी मिलेगा। इंडियन डीजे एक्सपो के संयोजक मैनुअल डायस कहते हैं, ह्2014 में अपनी शुरूआत के बाद से पिछले कुछ वर्षों में इंडियन डीजे एक्सपो प्लेटफॉर्म को जो समर्थन और प्यार मिला है, वह वास्तव में उल्लेखनीय है।

एक्सपो के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करने वाले कई महत्वूर्ण कारण हैं। इनमें सबसे अहम ये है कि प्रदर्शनी दिल्ली में है और इस कारोबार से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां भी दिल्ली से ऑपरेट करती हैं, जिससे उन्हें विक्रेता और खरीदार के बीच एक प्रभावी नेटवर्किंग बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा त्योहारी सीजन में पेशेवरों की जरूरतें पूरी करने में भी इंडियन डीजे एक्सपो अहम भूमिका निभाता रहा है। इंडियन डीजे एक्सपो इस वर्ष भी भारत के हर कोने से लगभग 30 हजार से अधिक उद्योग पेशेवरों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

# हाइपरलोकल रणनीति के तहत हरियाणा के लिए नए कैम्पेन की कड़क शुरूआत

नई दिल्ली, अगस्त : टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का प्रमुख टी ब्रांड, टाटा टी प्रीमियम ने अपनी हाइपरलोकल रणनीति के तहत हरियाणा के लिए एक नयी फिल्म लॉन्च की है। 'देश की चाय, अपने प्रदेश का स्वाद' टाटा टी प्रीमियम की इस ब्रांड प्रस्तुति को हरियाणा की खास विशेषता, यहां के लोगों की निडरता को सम्मानित करने वाली कहानी में बहुत ही खूबसूरती से पेश किया गया है। हरियाणा के लिए हाइपर-लोकल फिल्म में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की जिंदगियों से लिए गए यादगार किस्सों में राज्य की महिलाओं का साहस दशार्या गया है। तेजतर्रार महिला क्रिकेटर, निर्भय मां और निडर महिला पुलिस इस फिल्म में हरियाणा के कड़कपन की मिसाल देती हैं।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस के प्रेसिडेंट पुनीत दास ने कहा, टाटा टी प्रीमियम ने आधे दशक पहले अपने हाइपर-लोकल दृष्टिकोण की शुरूआत की। राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान कायम रखते हुए हमने अपनी क्षेत्रीय निपुणता का लाभ उठाते हुए, हर राज्य की विशेषता, खास पसंद को समझा है।

## स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम जरूरी सफाई आदतों के बारे में शिक्षित कर, 45 लाख लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य

फरीदाबाद, अगस्त : दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ और स्वच्छता कंपनी में से एक रेकिट ने अपने महत्वाकांक्षी अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत दिल्ली में डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है। दैनिक जागरण की सामाजिक पहल शाखा, जागरण पहल के सहयोग से, दिल्ली के 12 जोन के एमसीडी स्कूलों में इस पहल को लागू करने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए।

इस पहल का लक्ष्य स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों सहित 45 लाख लाभार्थियों तक पहुंचना है, ताकि समाज को बेहतर वॉश (जल, स्वच्छता, और सफाई) व्यवहार और आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाया जा सके। कैम्पेन एम्बेस्डर आयुष्मान खुराना द्वारा लॉन्च किया गया, डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों को प्रशिक्षण देकर स्वच्छता आदतों को बढ़ावा देने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिल्ली के स्कूलों में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। अभियान के हिस्से के रूप में, छात्रों को हाथ धोने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए 'बजेगी घंटी, धुलेंगे हाथ' अभियान के अनुरूप व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, डेटॉल साबुन, सैनिटाइजर और हैंडवॉश से सुसज्जित हाईजीन कॉर्नर्स स्थापित किए जाएंगे।

# दिल्ली मंडल ऑटोमोबाइल परिवहन के रेल गुणांक को बढ़ाने में अग्रणी रहा है

नई दिल्ली, अगस्त : भारतीय रेलवे देश में परिवहन के सबसे कम लागत और पर्यावरण के अनुकूल साधनों में से एक है और यह राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना (वैश्विक मानकों के अनुसार 2030 तक) और परिवहन के अधिक हरित मोड की ओर बढ़ना है। इस लक्ष्य के लिए दिल्ली डिवीजन ने पिछले दो वर्षों यानी 2023-24और 2024-25 में भारत में ऑटोमोबाइल परिवहन के रेल गुणांक को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। टर्मिनलों पर हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने (बुनियादी ढांचे की बाधाओं को दूर करने और हैंडलिंग दक्षता में सुधार के माध्यम से), ऑटोमोबाइल हैंडलिंग के लिए नए टर्मिनल खोलने, ऑटोमोबाइल कैरियर रेक के लिए रखरखाव सुविधाओं को बढ़ाने और व्यापक विपणन प्रयासों के माध्यम से, भारतीय रेलवे (और विशेष रूप से दिल्ली डिवीजन) धीरे-धीरे भारत में सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा चार पहिया ऑटोमोबाइल के परिवहन का पसंदीदा तरीका बन गया है।

# 7 करोड़ के सफाई घोटाले में ठेकेदार गिरफ्तार

कैथल, अगस्त : कोरोना काल के दौरान जिला परिषद में हुए 7 करोड़ के सफाई घोटाले में कैथल एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ठेकेदार रोहताश को गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी कावडि?ों के शिविर में छिपा हुआ था। उससे डेढ़ लाख रुपए की बरामदगी हुई है। साल 2021 में जिला परिषद के पास गांवों की सफाई के लिए 16 करोड़ 31 लाख रुपये की ग्रांट आई थी। इस राशि में से करीब 10 करोड़ रुपये की राशि टाईड व अन-टाईड के कार्य में खर्च की जानी थी। टाईड राशि में तालाबों की सफाई, गली नालों की सफाई व ड्रेन आदि की सफाई की जानी थी। इसी तरह अन-टाईड में गली, चौपाल, सामुदायिक केंद्र, व श्मशान घाट आदि के कार्य किए जाने थे। उस समय के डिप्टी सीईओ सहित अन्य अधिकारी व फर्म के ठेकेदारों ने आपसी साथ गांठ कर गांवों में सफाई करवाए बिना ही 7 करोड़ रुपयों की राशि हड़प ली। इस घोटाले को लेकर 10-12 गांव के सरपंचों ने उस समय के डीसी सुजान सिंह से मिल अपने-अपने गांव में सफाई न होने की लिखित में शिकायत दी थी। घोटाले का पता चलते ही डीसी सुजान सिंह इस काम पर पर रोक लगा थी जिस कारण 4 करोड़ रुपए की राशि लैप्स हो गई थी। इसके बाद कैथल विधायक लीला राम ने भी इसकी शिकायत सरकार को की थी। तब से इसकी जांच एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा की जा रही थी। शिकायत में घोटाले के लगाए गए आरोप सही पाए गए और 15 आरोपियों के खिलाफ एसीबी थाना अम्बाला में इसकी एफआईआर दर्ज की गई थी।

# दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के मामलो में चोरी, आगजनी के आरोपों से छह लोग बरी

**दिल्ली।** शहर की एक अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के सांप्रदायिक दंगों के दौरान हुई आगजनी, दंगा और चोरी के आरोपी छह लोगों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उनके खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपों के अनुसार, उपरोक्त छह लोगों ने 25 फरवरी 2020 को शिव विहार में एक घर में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। बाद में एक क्लीनिक में आग लगाने की शिकायत को भी इस मामले के साथ जोड़ दिया गया। शुक्रवार को पारित आदेश में, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सबूत के तौर पर डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) पेश किया था। अदालत ने कहा, हालांकि, वीडियो में दिखाई दे रहे किसी भी आरोपी की पहचान करने के लिए कोई गवाह नहीं है। उसने कहा कि मामले के जांच अधिकारी (आईओ) ने वैज्ञानिक जांच के जरिए या आरोपियों की नमूना तस्वीर के साथ वीडियो का विश्लेषण करके किसी भी आरोपी की मौजूदगी साबित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। अदालत ने कहा, इस प्रकार, यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि आरोपी उन वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। उसने कहा कि न तो कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से आरोपी के सटीक स्थान का पता चला और न ही घटना में आरोपियों की संलिप्तता का पता चला। न्यायाधीश ने कहा, मेरा मानना है कि आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं हैं। इस मामले में उपरोक्त लोगों के खिलाफ लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं। अदालत ने हाशिम अली, अबू बकर, मोहम्मद अजीज, राशिद अली, नजमुद्दीन और मोहम्मद दानिश को बरी कर दिया। करावल नगर थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# दिल्ली में न्यूनतम तापमान 27 डिग्री, बारिश की संभावना



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार की सुबह न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सामान्य तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज दिन में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। उसने बताया कि राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे तक सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 85 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 71 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# हज यात्रा के संबंध में प्रतिनिधी मंडल ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेंन से मुलाकात की।

**दिल्ली।** स्टेट हज कमेटी के सदस्य मो. षाद ने हज के संबंध में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा से प्रतिनिधी मंडल के साथ उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। मो. षाद ने चेयरमेंन इकबाल सिंह लालपुरा से संवाद करते हुए कहा सऊदी अरब की सरकार हर वर्ष हज की वीजा षुल्क बढ़ा रही है और सऊदी एयरलाइंस का किराया दूसरी एयरलाइंस के मुकाबले महंगा भी है इसके अलावा सऊदी अरब में हाजियों के निवास के लिए जो सरकारी स्तर पर होटल अलाट किये जाते हैं उन होटलों के कमरों में संख्या से अधिक हाजियों को निवास कराया जाता है जिसके कारण हाज तीर्थ यात्रियों को बहुत असुविधा होती है इन सब समस्याओं के समाधान के लिए आयोग भारतीय विदेष मंत्री से बात करे क्यूंकि यह हज तीर्थ का कार्य विदेष सचिव की देखरेख में होता है। हज तीर्थ यात्रियों को इन सब समस्याओं से छुटकारा मिले ताकि वह निष्चिंत होकर हज की पूर्ण इबादत षांति से कर सके इसके अलावा हाफिज मो. जावेद ने कहा भारत सरकार और भारतीय विदेष मंत्री हज यात्रा सस्ती और सुविधा जनक करे क्यूंकि हज तीर्थ यात्री की पूरी





जिंदगी की मेहनत की कमाई होती है और अगर उसे हज के दौरान सुख सुविधाओं का लाभ ना मिले तो यह निंदनीय हे इसी तरह के विचार हाजी मो. नासिर ने भी व्यक्त किये। आयोग की मुस्लिम एडवायजरी पैनल के सदस्य मो. रियाज ने कहा गत वर्ष भी इसी प्रकार की परेषानियों का सामना हाजियों को करना पड़ा था। आगामी हज यात्रा के दौरान ऐसी असुविधा ना हो इसके लिए आयोग भारत सरकार से बात करे। अंत में आयोग के चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा हज यात्रा में होने वाली असुविधाओं के संबंध में सरकार से बात की जाएगी ताकि यह सब समस्याएं भविष्य में उत्पन्न ना हों और हज यात्री षांती से हज की इबादत कर सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देष की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाए उपलब्ध करा रहे हैं तो हज की इबादत में यह असुविधाएं क्यों हो रही हैं इस संबंध मे आयोग अल्पसंख्यक मंत्री और विदेष मंत्री से बात करेगा। इस अवसर पर चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने अपनी उर्दू में लिखी हुई पुस्तक मुसलमान कहावन मुस्किल हाफिज मो. जावेद को प्रस्तुत की।

# जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सब रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सब रजिस्ट्री कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सब रजिस्ट्री कार्यालय में स्टाफ की कमी के कारण कार्य प्रभावित होने की निरंतर शिकायतों तथा शुक्रवार को अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सब रजिस्ट्रार से रोष व्यक्त करने पर व सहयोग का आश्वासन देने के उपरांत, शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी अचानक सब रजिस्ट्री कार्यालय हसनपुर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से परिचय पत्र मांगे और वहां मौजूद कर्मियों की भी बारीकी से जांच की। इस दौरान कोई प्राइवेट कर्मी वहां कार्य करता हुआ नहीं पाया गया। बाद में जिलाधिकारी ने बार के प्रतिनिधि मंडल को रजिस्ट्री कार्यालय में वार्ता हेतु बुलाया, अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी के नेतृत्व में पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी एवं महावीर सिंह चौहान, वीर सिंह प्रजापति,महावीर सिंह किसान यूनियन, जय कुमार नुसरत अली संजय भड़ाना सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने वहां पहुंचकर जिलाधिकारी से वार्ता की और सब रजिस्ट्री कार्यालय में स्टाफ की कमी से निपटते हेतु सब रजिस्ट्रार को वैकल्पिक व्यवस्था करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की। एक ओर जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह को त्वरित गति से लेख पत्रों के पंजीकरण करने के निर्देश दिए तो वहीं अधिवक्ताओं से भी सब रजिस्टार को सहयोग करने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि कंप्यूटर पर काम करने वाले कर्मचारियों की कमी के कारण प्रतिदिन रजिस्ट्री होने वाले 60 दस्तावेजों के विपरीत मात्र 25-30 दस्तावेज रजिस्ट्री हो पा रहे थे। परंतु कल भी 40 से अधिक और आज भी 40 से अधिक लेख पत्रों की रजिस्ट्री की गई। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से कंप्यूटर पर काम करने हेतु सब रजिस्टार को वैकल्पिक व्यवस्था करने की अनुमति दिए जाने की मांग दोहराई। अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी,पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी तथा महावीर सिंह चौहान पूर्व ब्लाक प्रमुख तथा वीर सिंह ने इस अवसर पर जिलाधिकारी से सब रजिस्ट्री कार्यालय को करनपुर माफी स्थित नवीन तहसील भवन के पास स्थानांतरित करने,तहसील को शीघ्र नए तहसील भवन में स्थानांतरित करने की भी मांग की। प्रतिनिधि मंडल में तहसील बार हसनपुर के अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी व वीर सिंह प्रजापति, पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, महावीर सिंह चौहान किसान यूनियन, संजय भड़ाना, नुसरत अली, जयकुमार राणा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से तीन का हुआ निस्तारण



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, बताते चलें कि शासन की मनसा अनुसार लगाए जा रहे हैं संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार ने फरियादियों की फरियाद सुनी जिसमें 24 शिकायत है उन्हें प्राप्त हुई जिसमें से उन्होंने तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया बाकी शिकायतों के निस्ताओं के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों में राजस्व विभाग की 6, पुलिस विभाग की 7, पूर्ति विभाग की 2, चकबंदी विभाग की 3, विद्युत विभाग की 4 एवं अन्य 2 शिकायतें प्राप्त हुई , इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, उप जिला अधिकारी सुनीता सिंह, तहसीलदार मूसा राम एवं अन्य संबंधित अधिकारी व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### शिवरात्रि का आज कक्षा आठ तक अवकाश

**बिजनौर:** डीएम के आदेश से शिवरात्रि के पर्व पर कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का आज शुक्रवार को अवकाश रहेगा। बीएसए योगेंद्र ने बताया कि ये आदेश सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा।

### दो थाना अध्यक्ष लाइन हाजिर

**बिजनौर:** मंडावर थाना अध्यक्ष प्रवीण मलिक व मंडावली थाना अध्यक्ष विकास कुमार को लाइन हाजिर किया गया। एसपी अभिषेक झा ने स्योहारा से माधो सिंह विष्ट को मंडावर व पुलिस लाइन से शैलेंद्र पाल सिंह चौहान को लाइन से मंडावली भेजा गया है।

### युवती ने लगाई फांसी

**रेहड़:** थाना क्षेत्र के गांव हरकिशनपुर में एक युवती ने फांसी लगा ली। पुलिस की माने तो युवती की हाइट कम थी। इससे वह तनाव में रहती थी। इस लिए उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### चेयरपर्सन पति ने नगर की समस्याओं के लेकर एसडीएम से मिले



**चांदपुर:** नगर के चेयरपर्सन पति व कांग्रेस जिलाध्यक्ष शेरवज पठान ने नगर पालिका परिषद के सभासदों के साथ नगर की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी से मुलाकात की उन्होंने बताया है कि नगर की डेढ़ लाख की आबादी है मात्र दो स्थानों पर कर धारकों की केवाईसी हो रही है जिसके कारण एक दिन में मात्रा लगभग 20 राशन कार्ड धारकों की केवाईसी हो रही पा रही है। इस समस्याओं का छुटकारा पाने के लिए हर वार्ड में कैंप लगाया जाए वहीं दूसरी समस्या आधार कार्ड अपडेट करने के संबंधित समस्या है उन्होंने बताया कि जनता आधार कार्ड अपडेट करने के लिए इधर-उधर भटक रही है। उसी को लेकर नगर पालिका एवं शहर में अलग-अलग कुछ स्थानों पर आधार कार्ड अपडेट करने के लिए कैंप लगाया जाए। उप जिलाधिकारी ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### दो कांवड़िया घायल

**नहटौर:** आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास बाईक सवार कांवड़ियों की टक्कर कार से होने पर दो कांवड़ियां घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गयौ। नहटौर क्षेत्र के गांव हमीदपुर निवासी विकास पुत्र महिपाल गांव के ही संजय सैनी पुत्र रामकुमार सैनी के साथ बाईक से जल लेने के लिए हरिद्वार जा रहा था। कार चालक को हिरासत में लिया। बाइक फिसलने से डांक कांवड़िया घायल नगीना: ज्योतिबाफुले नगर अमरोहा के बछराऊ निवासी महेंन्द्र सिंह का 28 वर्षीय पुत्र रोहित गुरुवार अपनी बाईक पर दो साथियों को बैठाकर नगीना कोतवाली रोड़ होते हुए हरिद्वार से डाक कांवड़ियों के साथ कांवड़ लेने जा रहा था। बाईक रोहित चला रहा था। नगीना-कोतवाली मार्ग पर सड़क किनारे पड़ी बजरी पर बाइक फिसलने से रोहित गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी भी मामूली रूप से घायल हो गये गंभीर रुप से घायल रोहित को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

### दो अलग अलग सड़क हादसों में सात कांवड़िये घायल

**स्योहारा:** बुधवार की रात ग्राम चंचलपुर के पास हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़िये से भरा टेम्पो सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गयी। घटना में कुलदीप पुत्र पप्पू, रोहित पुत्र राकेश, सत्यप्रकाश पुत्र होरीलाल, सचिन पुत्र शिव नंदन, अमन पुत्र लेखराज निवासीगण मोहल्ला हफीजगंज बरेली व मिथलेश पत्नी कुंवरपाल निवासी टांडा रामपुर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिये सीएचसी पहुंचाया जिसके बाद सभी घायल निजी वाहन से अपने घर को रवाना हो गये। वहीं बृहस्पतिवार की दोपहर सहसपुर में बाइक सवार युवक राजवीर पुत्र रमेश निवासी ग्राम पैन्दापुर कांठ की बाइक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गयी जिसमें कांवड़िये राजवीर घायल हो गया। राजवीर हरिद्वार से जल लेकर लौट रहा था। पुलिस ने गंभीर घायल राजवीर को उपचार के लिये सीएचसी भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह का कहना है कि सभी को उपचार के बाद घर भिजवा दिया है।

### दो कांवड़िये घायल

**कोतवाली देहात:** कावड़ियां अमित ठाकुर पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम बिधिपुर थाना गजरौला जनपद पीलीभीत बाइक से हरिद्वार जल लेने के लिए जा रहे थे। थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दौलताबाद के पास एक ट्रैक्टर को बचाते हुए अमित ठाकुर की बाइक उसी दिशा से आ रहे बाइक सवार अर्जुन सिंह पुत्र धूम सिंह निवासी ग्राम हमीदपुर थाना किरतपुर की बाइक से टकरा गयी। इससे अमित ठाकुर के बाएं हाथ की कलाई में तथा अर्जुन सिंह के सिर व दाहिनें हाथ में चोट लग गयी। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी कोतवाली देहात में भर्ती कराया गया।

### तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे

**गोहावर:** रिमंगलम वैंकट हॉल मुरादाबाद रोड स्थित गोहावर में बुधवार की रात एक शानदार म्यूजिकल शो आरम्भ किया गया। सिंह बंधु इंटरटेनमेंट कम्पनी के द्वारा किया गया। इसे पूर्व विशिष्ट अतिथि मिल के वाइस प्रेसिडेंट जितेंद्र मलिक बिंदल्स पपेर्स मिल्स लिमिटेड लि. चागीपुर नगर पालिका चेयरमैन नूरपुर डा. एमपी सिंह, संस्थापक सुरेन्द्र सिंह गायक व लेखक ने मां सरस्वती की वंदनाकर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। म्यूजिकल शो सिंह बंधु इंटरटेनमेंट कम्पनी ने स्वर्गीय मौ रफी साहब की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उसको सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। सुरेन्द्र सिंह गायक व लेखक मौ. रफी साहब के बहुत बड़े फैन हैं उनकी याद में सिंगर सुरेन्द्र सिंह तुम मुझे भुला ना पाओगे एक गजल का नजराना पेश की गई। उनके साथ में गायक व गायिका अनम आरिफ, दिलशाद वारसी,अजरा मिर्जा तथा सुनील कुमार व सुरेंद्र सिंह का सहयोग करेंगे। मंच का संचालन लेखक नजर बिजनौरी किया। गायक व गायिका संगीतकार के गानों का हाल में बैठी क्षेत्र की जनता ने पूरा लूफ्त लिया तथा लोग झूम उठे। कार्यक्रम डा एनपी धामपुर, मुख्य गन्ना प्रबंधक ब्रजपाल सिंह , मुख्य गन्ना प्रबंधक सोमवीर सिंह, मुजनेन्द्र गुप्ता अपिल सूदिया,तिलक कुमार राणा, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### राकियू की गन्ना समिति में बैठक आयोजित



**बिजनौर:** राष्ट्रीय किसान यूनियन की मासिक बैठक गन्ना समिति में आयोजित हुई। बैठक मे किसानो की समस्याओं पर चर्चा हुई। बाद मे किसानो की समस्याओं के सम्बन्ध में एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के ट्यूबेल पर स्मार्ट मीटर नहीं लगे दिए जाएंगे। किसानों के बिल माफ करने के नाम पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। गुलदार से जनपद में कई लोगों की जान चली गई सरकार गुलदार से निजात दिलाने का ठोस कदम उठाए। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद करे।पानीपत खटीमा राजमार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा हो। बैठक में मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, ललित चौहान, दयाराम सिंह, दारा सिंह, राकेश चौधरी ,हरमेन्द्र धनखड़ अनिल कुमार, अर्जुन सिंह, सोनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आईटीआई परिषद के कार्यकताओं ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आईटीआई परिषद के कार्यकताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में सड़क निर्माण के लिए एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को दिया, जिसमें ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि हसनपुर नगर पालिका सीमा के अंतर्गत संभल रहरा बायपास मार्ग पर नई सैनी कॉलोनी में सड़क निर्माण के लिए पहले भी कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन अभी तक संबंधित अधिकारियों ने सड़क निर्माण के लिए कोई भी कम नहीं उठाया है जिस कारण बरसात का पानी मोहल्ले में भर जाता है और मच्छर आदि के पनपने से बीमारियों का खतरा भी बना रहता है, वही संगठन का मुख्य कार्यालय भी उसी नई सैनी कॉलोनी में स्थित है, अत जनहित में सड़क निर्माण होना जरूरी है, इस संबंध में मोहल्ले वासियों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दीनदयाल यादव एडवोकेट, हरि प्रकाश राणा, विजय पारछा, सरदार हरिश्चंद्र, सीमा यादव, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र यादव, देशराज आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे, वही मुख्य विकास अधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन संगठन को दिया है।

## साधारण व्यक्ति बनाकर रहरा बिजली घर पहुंचे जिला अधिकारी, एसडीओ सहित पूरा स्टाफ मिला अनुपस्थित

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा रहरा बिजली घर का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने साधारण व्यक्ति बनाकर बिजली घर का एक आम आदमी की तरह निरीक्षण किया उनके निरीक्षण में एसडीओ सहित पूरा स्टाफ अनुपस्थित मिला, जिला अधिकारी अपनी गाड़ी ड्राइवर व गनर अर्दली सहित पूरे स्टाफ को हसनपुर तहसीलदार कार्यालय में छोड़कर चीनी मिल के जी एम की गाड़ी में बैठकर निकले और सीधे रहरा बिजली घर का निरीक्षण किया उनके निरीक्षण में लाइनमैन, जे ई, एसडीओ सहित अन्य पूरा स्टाफ अनुपस्थित मिला, फोन कर बुलाए जाने पर 8 लाइनमेमो में से मात्र 6 लाइन मैंने ही उपस्थित हो पाए, दो लाइनमैन अनुपस्थित रहे अधिशासी अभियंता विद्युत को फोन करने पर बुलाया गया तो वह एक घंटा बाद पहुंचे तथा एसडीओ शनिवार को कार्यालय आए ही नहीं, जिलाधिकारी ने कंप्लेंट रजिस्टर चेक किया तो उसमे मात्र एक शिकायत दर्ज थी जिसके फोन नंबर पर जिलाधिकारी ने वार्ता की तो शिकायत करता ने बताया की तार जोड़ने के बदले लाइनमैन ने ?500 का चार्ज लिया है, जिसे सुनकर जिलाधिकारी का पर गर्म हो गया और उन्होंने उक्त लाइनमैन को तत्काल सेवा से हटाने के आदेश दिए तथा अनुपस्थित दो अन्य लाईनमैनों को भी सेवा से हटा दिया गया, जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता एवं एसडीओ को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए कहा कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे, बिना एसडीओ व जे ई की अनुमति के सीडडाउन न दिया जाए।

## प्रधान संघ ने वीडीओ पर लगाए बसूली के आरोप, वीडीओ बोले मनरेगा कार्यो की जांच को प्रभावित करना चाहते हैं प्रधान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को प्रधान संघ के दर्जनों प्रधानों ने संपूर्ण समाधान दिवस में वीडीओ हसनपुर के खिलाफ वसूली का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की वह उन्हें हटाने की मांग की, बताते चले की संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार को प्रधान संघ के दर्जनों प्रधानों ने एक ज्ञापन हसनपुर वीडीओ नीरज गर्ग के खिलाफ दिया, जिसमें प्रधान संघ ने नीरज गर्ग पर विकास कार्यों के पेमेंट के बदले अवैध रूप से पैसा मांगने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ जांच करने की मांग की तथा उनका स्थानांतरण किए जाने की भी मांग की, वही इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर वी डी ओ हसनपुर से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि प्रधानों द्वारा मनरेगा के कार्यों में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है तथा प्रधान चाहते हैं कि मनरेगा के कार्यों की जांच ना हो, वही वीडीओ नीरज गर्ग ने बताया कि ग्राम मंगरौली में चार कार्यों की जांच की गई थी जिसमें मानक से हटकर घटिया सामग्री लगाई जा रही थी एवं 4 एन एम एम एस फर्जी



रूप से दर्शाए गए हैं जिनकी रिपोर्ट मैंने शासन को तैयार कर-के भेजी है, उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई मनरेगा के कार्यों में प्रधानों द्वारा गड़बड़ की जा रही है जिसकी पूरी लिस्ट तैयार करके शासन को भेजी जा रही है, वीडीओ नीरज गर्ग ने बताया कि प्रधान तथा प्रधान संघ के लोग इस जांच कार्य को प्रभावित करना चाहते हैं, तथा प्रधानों द्वारा लगाया गया वसूली का आरोप निराधार है ' प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से जसवीर सिंह , यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, रविंद्र सिंह, भानु प्रताप, हेमराज गुर्जर, हरिओम सैनी, भूरा सिंह, हरिओम सिंह, राजकुमार, कैलाश आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## प्रियंका स्कूल में केंद्रीय बजट को लेकर विशेष कक्षा का आयोजन

धामपुर

**प्रियंका** मॉडर्न सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कॉमर्स विभाग के दिशा निर्देश में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विजुअल रूम में 'केन्द्रीय बजट-2024' पर विशेष कक्षा का आयोजन किया गया।

एकेडमिक कॉर्डिनेटर मयंक कौशिक के संचालन में आयोजित हुई विशेष कक्षा में उन्होंने बजट संबधी विभिन्न अवधारणाओं; बजट का इतिहास, बजट स्लैब, वार्षिक वित्तीय विवरण, बजट अनुमान, चालू खाता घाटा, विनिवेश, प्रत्यक्ष कर, आर्थिक सर्वेक्षण, राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद, अप्रत्यक्ष कर और विभिन्न विभागों में बजट आबंटन आदि को सरल, रोचक, प्रभावकारी और व्यवहारिक ढंग से विद्यार्थियों के सम्मुख रखा। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों के उत्तर व्यवहारिक धरातल पर मिले।

उनमें विषय के प्रति रूचि और प्रसन्नता के भाव भी देखने को मिले। प्रधानाचार्य डी.एस.नेगी ने भी इस विशेष कक्षा की सराहना करते हुए कहा कि 'निश्चित रूप से ऐसे प्रयास हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रभावकारी होंगे। इनसे उनकी सीखने-समझने की प्रक्रिया को रोचक और सरल बनाया जा सकता है। ये गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्य ने इस विशेष कक्षा को प्रभावकारी बनाने के लिए एकेडमिक कॉर्डिनेटर मयंक कौशिक और कॉमर्स विभाग के शिक्षकों सतनाम सिंह, रूपराज सिसौदिया, कमल भट्ट और जुबेर अनवर का आभार व्यक्त किया।

## नौ अगस्त की बाइक रैली, पैदल मार्च के लिए विद्यालयों में संपर्क



स्योहारा

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक समाज के प्रति शासन की उपेक्षात्मक दृष्टिकोण, तथा शिक्षकों की लंबित मांगों के निस्तारण की मांगों को लेकर, संघर्ष के द्वितीय चरण में नौ अगस्त को जिला मुख्यालय पर जिला अधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित 23 सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत करेगा।

इसी क्रम में जनपद बिजनौर में भी आगामी नौ अगस्त को माध्यमिक शिक्षक बाइक रैली/ पैदल मार्च निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करेंगे। बाइक रैली/ पैदल मार्च को सफल बनाने के लिए पदाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों को इस कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं तथा नौ अगस्त को जिला मुख्यालय पर एकत्रित होने का आग्रह भी कर रहे हैं। गुरुवार को जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ एवं जिला मंत्री विनोद कुमार ने पब्लिक इंटर कॉलेज जैतरा गांधी इंटर कॉलेज मनकुआ आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा बिरला कन्या इंटर कॉलेज स्योहारा एम क्यू इंटर कॉलेज स्योहारा आदि संस्थानों में भ्रमण कर शिक्षकों से उनकी समस्याओं के विषय में चर्चा की तथा प्रस्तावित बाइक रैली में प्रतिभाग करने के लिए भी अपील की। भ्रमण के दौरान पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य नरेश कुमार, प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह यादव, प्रधानाचार्य रंजना शुक्ला, प्रधानाचार्य मंसूर इशरत, प्रधानाचार्य मधुबाला, नंदराज, सचिन कुमार, संजय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राहुल परिहार, यशपाल सिंह, धीरज शर्मा, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद फहीम, निर्दोष कुमार संजय वर्मा, अजय वीर सिंह, अभिषेक कुमार आदि शिक्षकों से संपर्क किया।

## व्यापारियों ने संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



दारानगर गंज

**पश्चिम** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन का 25वॉ स्थापना वर्ष धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने सहित संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

बुधवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने अपना 25 वॉ स्थापना वर्ष का आयोजन गंज स्थित बैंक्विट हॉल में किया देर शाम आयोजित स्थापना वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने अपने संबोधन में संगठन की स्थापना के बारे में बताते हुए कहा की 31 जुलाई 1999 को हरिद्वार की पावन धरती पर स्वर्गीय नेकीराम गर्ग ने पश्चिम क्षेत्र के व्यापारियों की आवाज बंद करने के लिए इस अराजनैतिक व्यापारी संगठन की स्थापना की थी। संगठन आज भी उनके उद्देश्यों को लेकर व्यापारियों की समस्याओं तथा उत्पीड़नों को लेकर पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रख रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में व्यापारियों से किसी भी अनैतिक कार्य में शामिल न होने की अपील की। कार्यक्रम में दारानगर गंज, झालू , राजा का ताजपुर तथा बास्टा पुलिस चौकी को थाने में स्वीकृत करने की मांग की गई। इस कार्यक्रम में डॉ. मुनेंद्र सिंह को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मनोनीत करते हुए अनेक व्यापारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए मानोनयन पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में विनीत राजपूत प्रदेश सह कोषाध्यक्ष, महेश अग्रवाल क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, प्रशांत गुप्ता जिला महामंत्री, विनीत शर्मा युवा मंडल प्रभारी, आशु अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नीरज सैनी, नवदीप शर्मा, ऋषभ शर्मा, सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू उपाध्याय तथा संचालन जिला युवा प्रभारी बासु अग्रवाल ने किया।

## गन्ने का भुगतान व नगीना मार्ग के चौड़ीकरण की मांग

नहटौर

**विधायक** ओम कुमार ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर किसानों के गन्ने के भुगतान कराने व प्रमुख सचिव विधानसभा को पत्र देकर नगीना नहटौर लिंक मार्ग के चौड़ी करण की मांग की है। सीएम व प्रमुख सचिव विधानसभा द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही कार्यों को पूरा कराया जाएगा। विधायक ओमकुमार ने सीएम योगी आदित्यनाथ को दिए गए पत्र में किसानों की समस्या को देखते हुए गन्ने का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधानसभा नहटौर जनपद बिजनौर में स्थापित बजाज चीनी मिल बिलाई ने अभी तक किसानों का 2023-24 सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया। इससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में डीएम ने अजय कुमार शर्मा प्रबन्ध निदेशक बजाज मिल बिलाई बिजनौर को किसानों के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के



लिए नोटिस जारी किया था। इसका चीनी मिल प्रशासन द्वारा कोई जबाब नहीं दिया गया तथा किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं हो पाया।

जनपद बिजनौर में नहटौर धामपुर लिंक मार्ग से बल्लाशेरपुर होते हुए नगीना तक जर्जर लोक निर्माण विभाग का मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदुढीकरण कराया जाना अति आवश्यक है। उन्हें बताया इस पर यातायात का भारी दबाव होने के कारण आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा। जनहित में इस मार्ग का चौड़ीकरण कराने की मांग रखी।

# हरियाणा

## सार संक्षेप

### नवागत छात्राओं को कालेज की अंतर्राष्ट्रीय पहचान कायम रखना पहली प्राथमिकता : सुरेश सिंघल


एसडी महिला कालेज में नए सत्र के शुभारंभ पर उपस्थित छात्राएं।

**नरवाना :** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति प्रधान सुरेश सिंघल की अध्यक्षता में पीर बाबा की आराधना के साथ नए सत्र का शुभारंभ तथा नवागत छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आगाज हुआ। पीर बाबा के दरबार में कव्वालियों, भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से संस्था की प्रगति व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पीर बाबा पर चादर प्रधान सुरेश सिंघल, राजकुमार गोयल, जियालाल गोयल, सीताराम, रमेश सिंघल, रामेश्वर, राजेंद्र सिंगला, मोहन प्रकाश, धर्मवीर ने चादर चढ़ाई व पुष्प अर्पित किए। संस्था प्रधान सुरेश सिंघल ने नवागत छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कालेज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर है, विशेष तौर पर खेलों के क्षेत्र में कालेज की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। उनको भी इस परंपरा को कायम रखना है। प्राचाार्य डा. अंजना लोहान ने कहा कि कालेज का नाम न केवल खेलों, बल्कि शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सर्वोपरि है। प्राध्यापक जसबीर उझाना, डा. शालू गर्ग, आशु ट्विंकल, प्रीति, समीना, इशू, मोनिका छात्राओं ने गीत गाकर समय को बांध दिया।

### ताईवान के एंडी तांग ने किया परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय का दौरा


ताइवान से आए एंडी तांग खांडा खेड़ी में अपनी टीम के साथ।

**नारनौंद :** परम मित्र शिक्षण संस्थान खांडा खेड़ी के परिसर में भारत मित्र स्तम्भ का निर्माण किया गया है। इस स्तंभ में पूरे भारत की संस्कृति के दर्शन होते हैं। आए दिन देश विदेश से पर्यटक यहां का भ्रमण करते हैं। मनदीप सिंधु व प्रिंसिपल अमित गौड़ ने बताया कि परम मित्र मानव निर्माण संस्थान द्वारा मानवता के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य किए जा रहे है। भारत मित्र स्तंभ देखने के लिए दुनिया भर से लोग पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में ताइवान से एंडी तांग पहुंचे। उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ अपने विचार भी सांझा किए। बताया कि शिक्षा जीवन में बहुराष्ट्रीय व्यापार करने के लिए महत्वपूर्ण है और भारत मित्र स्तम्भ को देश के लिए भारतीय संस्कृति की अनूठी विरासत है। जोकि भारत जैसे देश का गौरव बढ़ाती है। यहां पर हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। स्वर्गीय मित्रसेन आर्य कम पढ़े लिखे होने के कारण भी इस मुकाम तक पहुंचे यह उनकी मेहनत और लगन का फल था। हमें इनसे सीख लेनी चाहिए। छात्रों को भविष्य में करियर के लिए ताईवान भ्रमण पर आमंत्रित किया। इस अवसर पर कैम्पस प्रशासक मनदीप सिन्धु ,प्राचार्य अमित गौड़ और सुनीला मलिक उपस्थित रहे।

### इन्नर व्हील क्लब ने बांटे रेहड़ी वालों को छाते

**पानीपत :** इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाऊन की ओर से चार्टर प्रेसिडेंट कंचन सागर ने आज शिवरात्री पर्व पर सेक्टर 13 में एक पंक्चर लगाने वाले को बड़ा छाता और वृन्दावन एन्क्लेव में ठेले वालों जो भुट्टे, फल बेचने, मोमोज बेचने वालों को छाते बांटे। उनके साथ क्लब प्रेसिडेंट डा.अनु कालड़ा भी मौजूद रही। वहीं छाता प्राप्त करने वालों ने क्लब का आभार जताया।

### बीजेपी नेता मनमोहन भड़ाना ने हल्के में विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना कर किया जलाभिषेक


नन्हे कांवड़ियों को पुरस्कृत करते भाजपा नेता मन मोहन भड़ाना।

**लाल समालखा :** शिवरात्रि पर सुबह हल्के के गाँव जलमाना क शिवालय में बीजेपी नेता मनमोहन भड़ाना ने हल्के के विभिन्न गांवों जलमाना, मनाना, मच्छरौली सहित अन्य गांवो में ग्रामीणों की उपस्थित में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इससे पूर्व शिवालय में पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता मनमोहन भड़ाना का फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं वह शिव बाबा भोले भंडारी की रथ रूपी कांवड़ को खींच कर शिवालय में ले गए। वहीं विधानसभा चुनाव में मनमोहन भड़ाना की जीत की कामना लेकर पहुँचे सात वर्षीय नन्हें कावडिए रवीन्द्र और दीपक को भड़ाना ने पचास-पचास हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अनिल रावल, राजवीर रावल, महीपाल रावल, ब्रह्मपाल मास्टर, मेजर रविंद्र रावल, बिल्लू रावल, अशोक रावल आदि मौजूद रहे। वहीं गाँव सनौली के बाईपास पर मनमोहन भड़ाना ने शिवभक्तों के लिए कांवड़ शिविर भी लगाया। जिसमें शिवभक्तों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया।

### मायके के लिए निकली महिला संदिग्ध हालात में गायब, मामला दर्ज

**जींद :** ससुराल से मायके के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। श्याम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जुलाई को उसकी पत्नी घर लुधियाना के लिए निकली थी। जिसके बाद वह ना तो अपने मायके पहुंची और ना ही वापस घर लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अजनाला-धालीवाल की बॉर्डर बेल्ट में तीन सड़कें बॉर्डर की लाइफ लाइन होंगी

### 46 करोड़ रुपए की लागत से 18 फीट चौड़ी सड़कें बनाई जाएंगी

### 78 करोड़ रुपये की लागत से धुसी बांध का काम शुरू किया जा रहा है

**पत्रिका , अमृतसर 3 अगस्त - डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू।**

कैबिनेट मंत्री एस. कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ अजनाला निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया और घोषणा की कि इस क्षेत्र में तीन सड़कों को उन्नत किया जाएगा। जो सीमा की लाइफ लाइन होगी. उन्होंने कहा कि इनमें से एक सड़क थोबे से मलकपुर होते हुए रुदेवल नंगल सोहल से पासी तक जाएगी , जिस पर 13.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। दूसरी सड़क कमलपुरे से थोबा , बाथ , दयाल भारंग तक है किया जाएगा , जिसकी लागत 16.50 करोड़ रुपए होगी। इसी तरह तीसरी सड़क भल्ला गांव से नानू के, ब्रौन गिल , कोटला तक जाएगी जिसकी लागत 16.77 करोड़ होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह करीब 43 करोड़ रुपये की लागत से ये सड़कें पूरी होंगी , जिससे इस क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके अलावा रावी नदी के किनारे 78 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले धूसी बन का उपयोग भी परिवहन के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में काम करके जनता से किये गये सभी वादे पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अजनाला हल्का मैंने देश की जनता से जो भी वादे किए हैं, जो पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण निरंतर विकास के मामले में बहुत पीछे रह गया था , उसे पूरा किया जाएगा और ये सड़कें उसी का परिणाम हैं। इस मौके पर उनके साथ एक्सियन दयाल शर्मा व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।


कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल रमदास इलाके में बनने वाली सड़कों का निरीक्षण करते हुए।

## कैबिनेट मंत्री ईटीओ ने सिविल अस्पताल मानावाला का औचक निरीक्षण किया

**ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार - अमृतसर 3 अगस्त:-**

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के लोगों के लिए शिक्षा क्रांति के साथ-साथ स्वास्थ्य क्रांति भी ला रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मुफ्त शिक्षा के साथ-साथ बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। .घर के नजदीक उपलब्ध कराया जाएगा। ये उद्गार कैबिनेट मंत्री ने व्यक्त किये हरभजन सिंह ईटीओ ने आज सिविल अस्पताल मानांवाला का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित डॉक्टरों को उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिले भर में 72 आम आदमी क्लीनिक चल रहे हैं , जिनमें इस साल करीब 8 लाख लोगों ने इलाज कराया है और इस साल करीब 115000 हजार लोगों ने अपना लैब टेस्ट कराया है. कैबिनेट मंत्री ईटीओ ने कहा कि इन क्लीनिकों के खुलने से लोगों को अपने घरों के पास ही बेहतर और मुफ्त इलाज की सुविधा मिल गई है. सरदार ईटीओ ने सिविल अस्पताल मानांवाला के डॉक्टरों को निर्देश दिए कि आने वाले लोगों को अपना इलाज अस्पताल में न कराना पड़े किसी भी प्रकार की कठिनाई. उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज कराने के लिए गांवों से लोग बड़ी मुश्किल से आते हैं, इसलिए सभी मेडिकल स्टाफ समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें ताकि इलाज के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इस मौके पर सिंह भी उनके साथ मौजूद थे.


कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ सिविल अस्पताल मानावाला का औचक निरीक्षण करते हुए

## कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़के जंडियाला गुरु का औचक निरीक्षण किया।

**अमृतसर , 3 अगस्त ( ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )-'** मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। हमारे स्कूलों और अस्पतालों का परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि ये दिन दूर नहीं हैं। उक्त उद्गार कैबिनेट मंत्री एस. ने व्यक्त किये। हरभजन सिंह ईटीओ ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़के जंडियाला गुरु का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी स्कूलों की स्थिति बदल रही है. कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने कहा कि प्रतिष्ठित स्कूल इस बात का प्रमाण हैं कि राज्य भर के स्कूलों में नए खेल के मैदान, नई प्रयोगशालाएं और नए कंप्यूटर सेंटर बनाए जा रहे हैं, जो आने वाले बच्चों के साथी होंगे। कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने स्कूल अध्यापकों से कहा कि वे बच्चों की शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाएं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि ये बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। कैबिनेट मंत्री कहा कि बच्चे भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सकें और भविष्य में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप खुद को ढाल सकें। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने स्कूल के प्रिंसिपल और अध्यापकों के साथ बैठक भी की और स्कूल में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जायेगा. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर, अध्यापिका मैडम अनिता शर्मा, अध्यापक कुलदीप सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


ईटीओ स्कूली बच्चों से बातचीत करते कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह। ईटीओ स्कूल के प्रिंसिपल व अध्यापकों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह

## जैमटो कंपनी के सहयोग से दिव्यांगों को दिया गया रोजगार

**अमृतसर, 3 अगस्त । डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू।**

कैबिनेट मंत्री बलजीत कौर द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन किया जा रहा है जिले के उन लोगों के लिए रोजगार का प्रावधान जिन्हें पैदल चलने के लिए भी किसी सहारे की आवश्यकता है, डिप्टी कमिश्नर अमृतसर अमृतसर श्री घनशाम थोरी द्वारा किया जा रहा है है उन्होंने इस बारे में गैर सरकारी संस्था न्यू मोशन से बात की और उक्त लोगों को बैटरी से चलने वाली व्हीलचेयर उपलब्ध कराई और उन्हें जोमैटो से जोड़ा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी श्री पलव श्रेष्ठ ने बताया कि उक्त व्यक्तियों को बैटरी चालित व्हील चेयर दी जा रही है और आज भी जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति बैटरी चालित व्हील चेयर को देखकर जमतो से जुड़ा है. उन्होंने बताया कि हमने इसके लिए संबंधित संगठन से संपर्क किया है और वे इसके लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगे.


एक जरूरतमंद व्यक्ति को बुनाई कुर्सी देते अपर उपायुक्त श्री निकस कुमार श्रीमती सोनम के साथ.

## नशा मुक्त हरियाणा बनाने में समिति अहम भूमिका निभाए : अजीत सिंह शेखावत

पानीपत, अगस्त : शिवरात्रि के पावन पर्व पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने नशे के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने स्वयं अपने हस्ताक्षर करके किया। नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में सहयोग करने के लिए नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने यह मुहिम चलाई है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने समिति के संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करके समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोडकर नशा मुक्त हरियाणा बनाने में समिति अहम भूमिका निभाए। वहीं समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने बताया कि हमारी समिति ने इससे पहले भी मिशन एक लाख हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया था। इस बार भी स्कूल, कॉलेज के अलावा गांव गांव जाकर समिति युवाओं को नशा न करने के लिए जागरूक करेगी। समिति की सचिव नीता रानी ने बताया कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सरकार और प्रशासन की ही नहीं हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।


नारी तू नारायणी उत्थान समिति के जागरूकता पत्र पर हस्ताक्षर करते एसपी अजीत शेखावत ।(मोहन लाल)

## लघु सचिवालय में वाहनों से चोरी की शिकायत डीसी को

समालखा, अगस्त : नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राईम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने जिला प्रशासन के समाधान शिविर में लिखित शिकायत देकर लघु सचिवालय परिसर में कंडम हो चुके खड़े वाहनों के शीशे तोडकर चोरी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करने की मांग की गई है। शिकायत में उपायुक्त को बताया गया है कि इन चोरी करने वालों से लघु सचिवालय की सुरक्षा को भी खतरा है। इसलिए इस मामले में शीघ्र से शीघ्र कार्रवाही की जानी अति आवश्यक है।

### जनता की मांग प्रशासन समाधान शिविर लगातार रखें जारी

## अधिकारी फिल्ड में जाने से पूर्व समाधान शिविर में करें अपनी उपस्थिति दर्ज : उपायुक्त

पानीपत, अगस्त : सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविरों से लोगों के जीवन में परिवर्तन हुआ है। अब स्थिति यह है कि लोग इन जनता समाधान शिविरों को लगातार जारी रखने की मांग कर रहे हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अधिकारी फिल्ड में जाने से उनसे पूर्व अनुमति लें व उनके लिए अन्य किसी कार्य से पूर्व समाधान शिविर में उपस्थित रहना जरूरी है। जो अधिकारी शिविर में रूचि नहीं लेंगे उनके खिलाफ उन्हें मजबूरन कार्यवाही करनी पडगी।

उपायुक्त ने कहा कि शिविर में कुछ कर्मचारी जो गांव में बीएलओ की ड्यूटी दे रहे है उनकी किसी भी स्थिति में ड्यूटी नहीं कटेगी। शिविर में मुख्य रूप से पैंशन विभाग, निगम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, कृषि विभाग, रवेन्यू विभाग, पब्लिक हैल्थ विभाग से संबंधित विभिन्न लोगों द्वारा समस्याएं दी गई जिनका समाधान करने के उपायुक्त ने निर्देश दिए। इस मौके पर निगम कमीशनर साहिल गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज, एसपी अजीत सिंह शेखाावत, एसडीएम मनदीप सिंह,जिला परिषद के सीईओ गौरव, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ डा. जयंत आहूजा, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, डीएफओ विजय लक्ष्मी,एलडीएम राजकुमार पशुपालन विभाग के डा. माणिक के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।


समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त डा. वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी।

## 201 पूर्व सैनिकों को शौर्य रक्षक अवार्ड देगा राह ग्रुप फाऊंडेशन

**हिसार :** सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में जिले के 201 पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शौर्य रक्षक अवार्ड से नवाजा जाएगा। इस दौरान हरियाणा कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव बिजेंद्र सिंह लोहान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ करेंगे। इस दौरान खेल, शिक्षा, समाजसेवा से जुड़ी कई नामी हस्तियां मौजूद रहेगी। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक कैप्टन चरण सिंह मलिक, सह-संयोजक सूबेदार प्रकाश मोर एवं कुलदीप फौजी ने बताया कि यह सम्मान समारोह प्रदेश के बड़े गांवों में शुमार गांव बास स्थित करतार मेमोरियल कॉलेज में चार अगस्त 2024 को सुबह दस बजे से होगा। कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार भारतीय सेना को सबसे कठिन और बड़े युद्धों पर जीत हासिल करने के लिए जाना जाता है, साथ ही हमारे सैनिक भगवान की तरह ही हमारी रक्षा करते हैं, इसलिए उनका दर्जा भगवान से किसी भी रूप में कम नहीं है। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार उनकी संस्था वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों में कोई अंतर नहीं समझती, इसलिए उनकी संस्था की तरफ ने वर्तमान सैनिकों के साथ-साथ पूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं को सम्मानित जाएगा। ध्यान हो कि संस्था प्रत्येक वर्ष पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को सम्मानित करती आ रही है।

## पानीपत में बनेगा 23 करोड़ से अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन : प्रमोद विज


प्रमोद विज ।

**पांचाल पानीपत :** पानीपत के औद्योगिक क्षेत्रों एवं आम क्षेत्रों में आगजनी की होने वाली समस्या से निजात के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन की सौगात दी है। 23 करोड़ 22 लाख की लागत से नया दमकल केंद्र बनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए विधायक प्रमोद विज ने बताया किअ दमकल केंद्र बनवाने हेतु वह काफी समय से प्रयासरत थे। अब शहरी विकास प्राधिकरण विभाग ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन बनाने हेतु ओद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 25 पार्ट 2 में 2 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन के बन जाने से शहर के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ तो मिलेगा ही साथ में शहर के रिहाइसी क्षेत्रों में भविष्य में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर आसानी से काबू पाया जा सकेगा। वहीं इसके लिए विधायक विज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार जताया है।

## एससी एएसटी आरक्षण पर फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद : रोशन बिडलान


रोशन बिडलान का स्वागत करते समाज के सदस्य ।

**पानीपत :** संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार संगठन एवं डीएससी अधिकार सभा के अध्यक्ष रोशन बिडलान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एससी एएसटी आरक्षण में वंचितों के लिए उप वर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को दिये जाने के लिए माननीय सर्वोच्च्य न्यायालय का एससी एएसटी समाज के लोग धन्यवाद धन्यवाद करते हैं। उपरोक्त निर्णय से वंचित समाजों का भारत की न्यायपालिका पर विश्वास और मजबूत हुआ है। एससी एएसटी के उज्जवल भविष्य को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णायक फैसले का संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार संगठन एवं डीएससी अधिकार सभा हरियाणा फैसले का स्वागत करती है और हरियाणा सरकार से मांग करती है की इस निर्णय को नौकरियों तथा अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाली अन्य लाभ योजनाओं में यथाशीघ्र लागू करे। इस दौरान समाज के लोगों ने रोशन बिडलान का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मोहन लाल चुलकाना प्रदेश उपाध्यक्ष, राजकुमार हेडमास्टर, अमीत बोहत जिला अध्यक्ष, बलजीत सारसर, प्रेम बडोली, एडवोकेट रविश कांगडा, एडवोकेट जितेन्द्र छजलानीया, सेठपाल, अमित कुमार, धर्मपाल, सुभाष कबीरपंथी, रविन्द्र तुशामड, कृष्ण नोहरा, सुरेश कुमार, कृष्ण बिडलान, आनंद आदि मौजूद रहे।

## जाटल आईटीआई में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारम्भ

**पानीपत :** महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी जाटल में नए सत्र का शुभारम्भ शुक्रवार को हवन के साथ हुआ। कालेज प्रधानाचार्य राजीव नरवाल ० प्लेसमेंट अधिकारी जसबीर सिंह यजमान रहे। उन्होंने नए सत्र के शुभारम्भ पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि सावन के पावन महीने में यज्ञ और अधिक फलदायी है। प्रधानाचार्य राजीव नरवाल ने विद्यार्थियों को यज्ञ को महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ न केवल धार्मिक जीवन की आधारशिला है , बल्कि यह वातावरण को शुद्ध कर शारारिक ० मानसिक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। वही सभी स्टाफ ने भी गायत्री मन्त्र उचारण के साथ यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर सतविंदर सिंह, अजित सिंह, विवेक कुमार सिंह, गुलशन आर्या आदि मौजुद रहे।

# पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने खुद को मारी गोली





■ पनवाड़ी

पत्नी से कथित कहासुनी के बाद गुस्साए युवक ने अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली। हादसे के उपरांत अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा गया है। दोपहर बाद सीओ हर्षिता गंगवार ने घटनास्थल का मुआयना कर हादसे की जानकारी ली।

मामला कोतवाली क्षेत्र के नकरा गांव का है, जहां 35 वर्षीय दीपू अहिरवार पुत्र स्व अच्छेलाल, पत्नी कमलेश और दो बच्चों मधु (8 साल) व देव (6) के साथ निवासरत था। आस पास के लोगों ने बताया कि शुक्रवार सुबह मकान के अंदर से पति पत्नी के बीच झगड़े की आवाजें सुनाई दी। इसी बीच गुस्से में लाल दीपू घर के बाहर निकला और दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल को आग लगा दी। बाइक को जलता देख आस पड़ोस के लोग आग बुझाने में लग गए। इसी दौरान दीपू ने घर के अंदर जाकर खुद को गैर लाइसेंसी कट्टे से गोली मार ली। फायर की आवाज सुन बाहर खड़े सभी ग्रामीण घर के अंदर की ओर झपटे, जहां दीपू रक्तरंजित अवस्था में झटपटा रहा था। उसके कान के नीचे खून की धार लगी हुई थी। चारो तरफ खून बिखरा हुआ था। हाथ के नजदीक ही तमंचा पड़ा हुआ था।

हादसे के उपरांत पड़ोसियों की मदद से स्वजनों द्वारा दीपू को पनवाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा मौत की पुष्टि की गई। घटनाक्रम के बाद दीपू की पत्नी कमलेश और बेटी, बेटे का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था। उधर, कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पंडे ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, दोपहर बाद क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार द्वारा घटनास्थल का दौरा कर हादसे से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई।

# सीएमआर लंबित रखने वाले पैक्सों/व्यापार मंडल के विरूद्ध होगी कठोर कार्रवाई।

## सभी ब्लोको के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ससमय सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा रविवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि सीएमआर लंबित रखने वाले पैक्सों/व्यापार मंडल के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, कोताही एवं शिथिलता बरतने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगी। मां विन्ध्यवासिनी एग्रो इन्डस्ट्रीज रामनगर के द्वारा 46 लॉट से ज्यादा सीएमआर लंबित रखने तथा काफी धीमी गति से आपूर्ति करने के कारण मिल का भौतिक सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। मे0 जे0एस0 एग्रो



इन्डस्ट्रीज, नौतन को प्रत्येक दिन दो लॉट सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि अभी भी जिले के पैक्स/व्यापार मंडलों के पास लगभग 7948 एमटी सीएमआर आपूर्ति लंबित है। बगहा-02 प्रखंड, नौतन, नरकटियागंज, सिकटा और रामनगर के पैक्स/व्यापार मंडलों से ज्यादा मात्रा में सीएमआर आपूर्ति किया जाना है। शेरहवा, वाल्मीकिनगर, पुरैना, महुई, पकड़ी, मंझरिया, पश्चिमी नौतन पैक्स में बहुत अधिक मात्रा में सीएमआर आपूर्ति हेतु लंबित है। इसके साथ ही मिल के स्तर पर सीएमआर आपूर्ति हेतु 35 एसटीआर लंबित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन सभी पैक्सों/मिलों का औचक निरीक्षण करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि सीएमआर, एसटीआर लंबित रखने वाले पैक्स/व्यापार मंडलों, मिलों को 3 से 4 दिनों में शत-प्रतिशत आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गयी कि लक्ष्य के अनुरूप ससमय सीएमआर आपूर्ति नहीं कराये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कुमार रविन्द्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अंशु कुमारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, संजय सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, वरीय उप समाहर्ता, एस प्रतीक सहित जिले के सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सीएमआर आपूर्ति से संबंधित सभी पैक्स/व्यापार मंडल के अध्यक्ष, सभी मिलर आदि उपस्थित रहे।

# नयागांव रामपुर पंचायत के उप सरपंच पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न।

## 09 मत पाकर उमरावती देवी उपसरपंच पद पर हुई निर्वाचित।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बगहा दो के नयागांव रामपुर पंचायत के उप सरपंच का चुनाव शनिवार को प्रखंड सभागार में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बिडू कुमार राम ने बताया कि नयागांव रामपुर पंचायत के उप सरपंच पद पर चुनाव मतदान के माध्यम से हुआ। जिसमें ऑब्जर्वर सह डीआरडीए के निदेशक अरुण प्रसाद की उपस्थिति में पंचायत समिति सदस्यों ने अपना अपना मतदान दिया। नयागांव रामपुर पंचायत में उप सरपंच पद के लिए महिला प्रत्याशी उमरावती देवी व प्रियंका देवी



मैदान में आमने सामने थे। नयागांव रामपुर पंचायत में 15 पंचायत समिति सदस्य के अलावा 1 सरपंच का मत था। जिसमें से 9 मत पाकर उमरावती देवी उपसरपंच पद पर नवनिर्वाचित हुई। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ बिडू कुमार राम ने बताया कि प्रखंड बगहा दो के नयागांव रामपुर पंचायत के रिक्त उपसरपंच पद का चुनाव प्रशासन के देख रेख में शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराया गया। जिसके लिए पुलिस बल की तैनाती। की गई हुई थी।बीडीओ ने बताया कि उमरावती देवी व प्रियंका देवी उप सरपंच पद के चुनाव में आमने-सामने थी। जहां उमरावती देवी को 9 व प्रियंका देवी को महज 7 पंचायत समिति सदस्यों के मत प्राप्त हुए तो वही 1 मत वोकस पड़ा।वही उमरावती देवी उपसरपंच पद के लिए नवनिर्वाचित होने पर निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। नवनिर्वाचित उप सरपंच उमरावती देवी के प्रखण्ड सभागार से बाहर आते ही उक्त पंचायत के समर्थकों ने फूल माला पहनाकर जयघोष लगाएं और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशियां जाहिर करते बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। मौके पर हरेंद्र चौधरी,पूर्व सरपंच हरिंद्र राम, शंभू यादव, कुंदन प्रसाद यादव सहित तमाम समर्थक लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालु का स्वागत कर रहे लोग, करा रहे भोजन

**अतर्रा।** सावन के अमावस्या में चित्रकूट जाने के लिए पैदल श्रद्धालु का उमड़ा हुजूम। नगर में जगह-जगह लंगड़ वह भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। सावन की अमावस्या पर चित्रकूट धाम से कामतानाथ के दर्शन व परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब शुक्रवार को सड़कों पर देखने को मिला नगर में जगह-जगह लोगों ने लंगर व भंडारे का आयोजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया तहसील गेट पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने अपनी टीम के साथ श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जहां हजारों की संख्या में सुबह दस बजे से देर शाम तक डटे रहे इस दौरान व्यवस्था प्रबंधन में सौरभ राठौर विश्वनाथ स्वास्थ्य आदि जुटे रहे।

### अधूरे कार्यो को समय से कराये पूरा-डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों के इंडिकेटर्स के प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति आयोग के जिन बिंदुओं पर प्रगति कम हुई है उसमें संबंधित विभाग प्रगति कराए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो नीति आयोग की धनराशि से कार्य कराए जा रहे हैं उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए कि नीति आयोग के बिन्दुओं के अंतर्गत किन किन विभागों द्वारा क्या कार्य कराए जा रहे हैं और कितनी धनराशि प्राप्त हुई है विवरण सहित उपलब्ध कराए, तथा जिन विभागों के जो कार्य पूर्ण हो गये है उनसे उपभोग प्रमाण पत्र भी लिया जाए, सभी बिंदुओं का डाटा समय से पोर्टल पर अपलोड कराए इसमें कोई भी विभाग लापरवाही नहीं करेगा। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि धनराशि के अभाव में जो कार्य शेष है उन्हें पूर्ण कराने के लिए धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने उप निदेशक कृषि से कहा कि फसल बीमा योजना का कवरेज बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाया जा सके।

### तमंचा के साथ पकड़ा

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उनि गौरव तिवारी, आरक्षी पवन राजपूत ने अभियुक्त आशिफखां पुत्र अकबर खां निवासी शिवरामपुर को तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने 75 मोबाइल किये वापस

**चित्रकूट।** पुलिस टीम ने गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके मालिको को सुपुर्द किये है। फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान खिल गयी। इस दौरान 75 मोबाइल फोन बरामद किये।

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में टीम ने खोये हुए 75 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख 50 हजार रूपये है को बरामद किया।

# बिजली संकट से जूझ रहे शहर और ग्रामीण उपभोक्ता

■ बांदा

- ■ लगातार हो रहे फाल्टों से परेशान हैं बिजली उपभोक्ता, बिजली अधिकारी बेपरवाह
- ■ फाल्टों के नाम पर गुल रहती बिजली, एमडी का आदेश भी रहा बेअसर

जबरस्त बिजली संकट के चलते उपभोक्ता हलाकान नजर आ रहे हैं। शहर में जहां ट्रिपिंग का सिलसिला जारी है, वहीं गांवों में फाल्टों के नाम पर बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है। हालात चाहे जैसे हों लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की कारगुजारी की वजह से आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में फाल्ट की वजह से एक-एक घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहीं। वहीं खुरहंड फीडर से जुड़े दो दर्जन से अधिक गांवों में पिछले दो दिनों से अंधेरा छाया हुआ है। फाल्ट और केबल बाक्स फुंकने जाने की वजह से आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। खुरहंड पावर हाउस के अंतर्गत दो दर्जन से अधिक गांवों और मजरों में बिजली की आपूर्ति होती है। लेकिन यहां के उपभोक्ता बिजली विभाग के अधिकारियों की कारगुजारी की वजह से खासे परेशान नजर आ रहे हैं। फाल्टों के नाम पर बिजली दो-दो दिन तक गुल रहती है। इसके साथ ही जो रही सही कसर बचती है वह बिजली विभाग के कर्मचारी पूरी कर देते हैं। मरम्मत करते करते ही आपूर्ति का समय शुरू हो जाता है और अघोषित बिजली कटौती विभाग के द्वारा शुरू कर दी जाती है। इसकी वजह से ग्रामीणों में जहां आक्रोश है, वहीं बिजली विभाग के अधिकारी दावा करते हैं कि बिजली आपर्ति सुचारु रूप से की जाएगी।

गौरतलब हो कि तिंदवारा, खुहरंड, नगनेधी, मकरी, छिबांव,अर्जुनाह, सरवाह, तेरा, महुआ, पत्योरा, बड़ोखर बुजुर्ग, निवादा समेत कई गांवों में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसकी वजह से उपभोक्ताओं में आक्रोश नजर आ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के एमडी का आदेश भी बिजली विभाग के अधिकारियों की कारगुजारी में बदलाव नहीं कर पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के तीन दर्जन से अधिक गांवों में दो दिन से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। कारखाने ठप पड़े हुए हैं वहीं निजी नलकूप न चलने की वजह से धान की रोपाई भी बाधित हो रही है। उप खंड अधिकारी विद्युत वरुण कुमार के मुताबिक केबल बाक्स फुंक जाने की वजह से आपूर्ति ठप है। जल्द ही मरम्मत कराई जा रही है।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में किया कार्य बहिष्कार

**अतर्रा।** हरदोई में अधिवक्ता की गोली मारकर हुयी हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल पर रहे।बीते दिनों हरदोई में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक दिवसीय न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर घटना की निंदा की श्री राठौर ने कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए वह अधिवक्ताओं की सुरक्षा बढ़ाई जाए दूसरे गुटके अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने अधिवक्ता सुरक्षा एक्ट लागू किए जाने की मांग की इस दौरान अधिवक्ता संघ के महासचिव राजेंद्र जाटव अनपत सैनी पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव राज ललन गर्ग विपिन कुमार मिश्रा सूरज बाजपेई श्याम बाबू गुप्ता अतुल दीक्षित विश्वनाथ अवस्थी बी शुक्ला संतोष सिंह भागीरथ पांडे जितेंद्र तिवारी शिव मूर्ति मिश्रा राजेंद्र गुप्ता लव कुश मिश्रा चंद्रभान त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 26 वें दिन भी जारी रहा संविदा पर बहाल स्वास्थ्य कर्मियों का हड़ताल।

## अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अडिग है स्वास्थ्य कर्मी।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा पर बहाल हुए स्वास्थ्यकर्मियों का 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को 26वें दिन भी अनवरत जारी रहा। जिसके कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियो में सीएचओ,जीएनएम,एएनएम आदि शामिल रहें।जो अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनवरत शहरी पीएचसी बगहा दो के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि सामान काम के लिए समान वेतन दिया जाए। एफआरएएस विधि से डिजिटल उपस्थिति पर रोक लगाई जाए।सेवा को नियमित किया जाए। चार माह से लंबित मानदेय का भुगतान किया जाए साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,उप स्वास्थ्य केंद्रों पर शौचालय, पीने का स्वच्छ पानी तथा सुरक्षा की सुविधाएं बहाल किए जाने समेत अन्य मांगे आदि शामिल है। स्वास्थ्य कर्मियों ने आगे बताया गया कि सरकार जब तक इन मांगों को लेकर उचित पहल और मांगो को पूरा नहीं करती है तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा।मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों में मनीष कुमार,बजरंग सिंह, कुलदीप सिंह, मनीष मंजु, प्रमोद विश्वनोई, मनीष जोशी, विजेंद्र सिंह, एएनएम प्रेमा, ज्योति, रीमा, किरण, रिंकी, रीना, प्रतिमा, पिंकी, रूबिता, शिल्पी आदि तमाम संविदा कर्मी मौजूद थे।

# पश्चिम चंपारण मे खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन को लेकर बेतिया मे समीक्षा बैठक

## जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 28 अगस्त से शुरू।



### >> छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्रा शामिल हो सकते हैं:

जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में आयुवर्ग अंडर 14, 17 ,19 छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्रा शामिल हो सकते हैं। उम्र की गणना सभी आयु वर्गों के लिए 31 दिसंबर 2024 से की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी खिलाड़ी केवल एक खेल विधा व एक आयुवर्ग में भाग लेंगे हालांकि एथलेटिक्स खेल विधा में एक खिलाड़ी तीन इवेंट्स में भाग ले सकते हैं।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 28 अगस्त से 01 सितंबर तक होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर पश्चिम चंपारण डीएम दिनेश कुमार राय ने कल समीक्षा बैठक की तथा जिला खेल पदाधिकारी को प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने का दिशा-निर्देश दिये। इसका आयोजन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार पटना तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा स्टेडियम, इंडोर बैडमिंटन हॉल, खेल भवन सह व्यायामशाला, बड़ा रमना मैदान बेतिया में होगा। जिलाधिकारी ने बहुत ही साफ लहजे. में कहा कि किसी के प्रभाव में आकर पक्षपात नहीं होना चाहिए।

### कुश्ती व क्रिकेट की प्रतियोगिता केवल बालक वर्ग की होगी:

दिनांक 28 अगस्त 2024 को खेल विधा एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो आयु वर्ग अंडर 17 व वालीबाल आयु वर्ग 14,17,19 की प्रतियोगिता महाराजा स्टेडियम बेतिया जबकि कराटे आयु वर्ग अंडर 17 खेल भवन सह व्यायामशाला भवन एवं क्रिकेट आयु वर्ग 17 बड़ा रमना मैदान बेतिया में आयोजित होगी। वही दिनांक 29 अगस्त 2024 को एथलेटिक्स, कबड्डी, क्रिकेट, शतरंज आयु वर्ग अंडर 14 जबकि बैडमिंटन, बास्केटबॉल आयु वर्ग अंडर 14, 17,19 व कराटे, खो-खो आयु वर्ग अंडर 14,19 तथा दिनांक 30 अगस्त को एथलेटिक्स, कबड्डी, क्रिकेट आयु वर्ग अंडर 19 वही खेल विधा कुश्ती, हैंडबॉल, योग आयु वर्ग अंडर 14, 17, 19 जबकि भारोत्तोलन, वुशू, शतरंज आयु वर्ग अंडर 17, 19 की प्रतियोगिता विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जाएगी। यहां बताते चले कि दिनांक 31अगस्त को खेल विधा फुटबॉल अंडर 17 एवं दिनांक 01 सितंबर 2024 को फुटबॉल अंडर 14 ,19 बालक- बालिका की प्रतियोगिता संपन्न की जाएगी। कुश्ती व क्रिकेट की प्रतियोगिता केवल बालक वर्ग की होगी जबकि सभी खेल विधाओं की प्रतियोगिता बालक -बालिका दोनों की होगी।

### >> हर विद्यालय की सहभागिता जरूरी:

जिला शिक्षा पदाधिकारी को अपने स्तर से सभी कोटि के मध्य, उच्च, उच्चतर माध्यमिक, परियोजना बालिका, राजकीय अंबेडकर आवासीय, कस्तूरबा, अल्पसंख्यक, पिछड़ा व अति पिछड़ा, निजी सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त आदि विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत खिलाडियों को शत सहभागिता कराने को कहा गया। सभी कोटि के प्रधानाध्यापक व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पश्चिम चंपारण को खेल विधावार, आयुवर्ग वार चयनित खिलाड़ियों की सूची, योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति, पिछले वर्ष का अंक प्रमाण पत्र, ऐसे में सभी दस्तावेजों को प्रधानाध्यापक के फॉरवर्डिंग लेटर के साथ निबंधन तिथि 20 अगस्त 2024 संध्या 6:00 बजे तक नगर भवन परिसर स्थित खेल भवन सह व्यायामशाला भवन बेतिया में जमा कराने का कहा गया है। जिस विद्यालय की उक्त खेल प्रतियोगिता में सहभागिता नहीं होगी वहां के प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्ष, प्रभारी शारीरिक शिक्षक जिम्मेवार माने जाएंगे।

### प्राथमिक उपचार, साफ -सफाई, पानी की व्यवस्था, सुरक्षा की पूरी व्यवस्था होगी:

सिविल सर्जन को आयोजन स्थल पर प्राथमिक उपचार करने हेतु मेडिकल टीम एंबुलेंस सहित की व्यवस्था, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया को साफ -सफाई , पानी की व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दंडाधिकारी सहित पर्याप्त संख्या में महिला पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था, जिला शिक्षा पदाधिकारी को सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागतगान की व्यवस्था, डीपीआरओ को उक्त खेल प्रतियोगिता को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराना तथा जिला खेल पदाधिकारी को सभी विधा के योग्य तकनीकी पदाधिकारी के गठन हेतु आदेश निर्गत कर दिया गया है। परिवाद की सुनवाई हेतु जुरी ऑफ अपील समिति का गठन किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक आलोक भारती शिक्षण संस्थान, राज इंटर कॉलेज, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी , रवि रंजन यादव, मंजय प्रसाद, अमरेंद्र कुमार कार्यपालक सहायक आदि उपस्थित रहे।

# देशभर में भारी बारिश से हाहाकार

## केदारनाथ में लैंडस्लाइड, यात्रा पर दो दिन की रोक, 5 हजार लोगों का रेस्क्यू, 300 अब भी फंसे, राहत-बचाव में लगीं 72 टीमें, चिनूक और एमआई-17 समेत 7 हेलिकॉप्टर की भी ली गई मदद



सेना का करिश्मा



मेजर सीता शेल्के सहित सेना के इंजीनियरों ने वायनाड में रिकॉर्ड समय 190 फीट लंबा पुल, 16 घंटे में पुल तैयार किया।

**नई दिल्ली**

उत्तराखंड में  अगस्त की रात भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बादल फटने के बाद केदारनाथ यात्रा दो दिन के लिए रोक दी गई है। पैदल रूट पर लिनचोली, भीमबली में अलग-अलग जगह फंसे 5 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया। इसके लिए चिनूक और एमआई-17 समेत 7 हेलिकॉप्टर की भी मदद ली गई। हालांकि, 300 तीर्थयात्री अभी फंसे हैं।

उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में 48 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट है। इधर, मौसम विभाग ने 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लैंडस्लाइड से रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड से शुरू होने वाले 16 किमी के केदारनाथ ट्रैक घोड़ा पड़ाव, लिनचोली, बड़ी लिनचोली और भीमबली में पूरी तरह नष्ट हो गया है। रामबाड़ा के पास दो पुल भी बह गए। जिला प्रशासन ने दो हेल्पलाइन नंबर - 7579257572 और 01364-233387 और एक आपातकालीन नंबर 112 भी जारी किया है। 1 अगस्त को हिमाचल प्रदेश में 5 जगह बादल फटने से 53 लोग लापता हो गए। इनमें से 8 के शव बरामद कर दिए गए, जबकि 45 लोग अभी भी लापता हैं।

### वायनाड में मरने वालों की संख्या 313 हुई

29 जुलाई को केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 313 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज भी लापता हैं। जिनमें 50 बच्चे है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा भी जताया है। वहीं, आर्मी के जनरल कमांडिंग ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं। अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो उसे निकालेंगे।

### 4 राज्यों में आज 20 सेमी बारिश का अलर्ट

आईएमडी के मुताबिक,  अगस्त को मध्य प्रदेश, कोंकण-गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात में भारी से भारी बारिश (20 सेमी से ज्यादा) बारिश हो सकती है। उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, सौराष्ट्र, कच्छ में 12 सेमी से ज्यादा बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल और तटीय कर्नाटक में 7 सेमी बारिश हो सकती है।

**राजस्थान**: राजस्थान में बुधवार रात से शुरू हुआ तेज बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। इसके चलते जयपुर में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। वहीं, मौसम विभाग ने शनिवार को अजमेर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सात जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश दौर 5 अगस्त तक जारी रहेगा। भारत में अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, जबकि अगस्त अंत तक अल-नीना की अनुकूल स्थितियां देखने को मिल सकती हैं।

### एटा में छत गिरने से 2 की मौत, चार गंभीर

मौसम विभाग ने शुक्रवार को 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 48 जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी है। इससे पहले बुधवार-गुरुवार को प्रदेश के 65 जिलों में कहीं तेज तो कहीं छिटपुट बारिश हुई। एटा के जैथरा थाना क्षेत्र के कूकपुरा गांव में गुरुवार रात बारिश के चलते एक मकान की छत गिर गई। हादसे में परिवार के 6 लोग मलबे में दब गए। हादसे में 2 की मौत हो गई है।

**बिहार**: मानसून एक बार फिर से प्रदेश में एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को पटना, गया, छपरा समेत 12 से अधिक जिलों में झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं, पिछले 48 घंटे में आकाशीय बिजली से 16 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 26 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इसमें 7 जिलों में भारी और 19 में हल्की बारिश की संभावना है।

**छत्तीसगढ़**: मौसम विभाग ने छग के 20 जिलों में शुक्रवार को भारी बारिश का यलो और 5 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सरगुजा संभाग के ज्यादातर हिस्सों में बहुत ज्यादा बारिश की चेतावनी दी गई है। बलरामपुर में खेत में काम कर रहे मां-बेटे की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, वाड्रफनगर के बरतीकला में गाज गिरने से 8 बकरियों और 2 गायों की भी जान चली गई।

**झारखंड**: बिजली गिरने से 3 दिन में 21 मौतें; शुक्रवार को 114 जिलों में भारी बारिश का अलर्टमौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को भी बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हैं। प्रदेश में तीन दिन में अब तक बिजली गिरने से 21 लोगों की मौत हो चुकी है। 3 से 7 अगस्त तक आसमान में बादल छाए रहेंगे।

## वायनाड पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए साउथ स्टार्स

### सूर्या-ज्योतिका ने 50 लाख, ममूटी-दुलकर ने 35 लाख, रश्मिका ने दान किए 10 लाख

**वायनाड,**  केरल के वायनाड में 29-30 जुलाई की रात 2 बजे से 4 बजे के बीच लैंडस्लाइड की 4 घटनाएं हुई थीं। चार गांव बह गए थे। हादसे में अब तक मरने वालों की संख्या 313 हो चुकी है। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि हादसे के चार दिन बाद भी 206 लोग लापता हैं। वायनाड में लैंडस्लाइड से हुई बर्बादी के बीच साउथ फिल्म इंडस्ट्री मदद को आगे आई है।

कई साउथ स्टार्स ने मुख्यमंत्री राहत कोष में लाखों रुपए दान किए हैं। एक्ट्रेस ज्योतिका, कार्थी और सूर्या ने 50 लाख रूपए की आर्थिक मदद दी है। रश्मिका मंदाना ने 10 लाख रुपए दान किए हैं। वहीं मलयालम एक्टर फहाद फासिल ने पीड़ितों की मदद के लिए 25 लाख रूपए का दान दिया है। उन्होंने बताया कि कहा, हमने लैंडस्लाइड पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपए का दान दिया है।

### ममूटी का ट्रस्ट कर रहा है पीड़ितों की मदद

मलयालम एक्टर ममूटी और उनके बेटे दुलकर सलमान ने रिलीफ फंड में 35 लाख का दान दिया है।ममूटी ने इस बारे में प्रेस से बात करते हुए कहा कि उन्होंने राहत कोष में छोटा सा सहयोग दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी का चैरिटेबल ट्रस्ट भी पीड़ितों की मदद में लगा हुआ है और उन्हें रोजमर्रा के जरुरी सामान उपलब्ध करवा रहा है। इनमें फूड आइटम्स, दवाइयां, कपड़े शामिल हैं।



## वायनाड त्रासदी के बीच चमत्कार: सेना ने चौथे दिन 4 लोगों को जिंदा निकाला

**वायनाड,**  केरल के वायनाड में 29-30 जुलाई की रात 2 बजे से 4 बजे के बीच लैंडस्लाइड की 4 घटनाएं हुई थीं। चार गांव बह गए थे। हादसे के चौथे दिन सेना ने 4 लोगों को जिंदा निकाला। इनमें दो महिला और पुरूष हैं। चारों एक ही परिवार के हैं। ये पदावेट्टी कुन्नू में फंसे हुए थे। हादसे में अब तक मरने वालों की संख्या 313 हो गई है। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि हादसे के चार दिन बाद भी 206 लोग लापता हैं। सेना अब मोबाइल के लास्ट लोकेशन के हिसाब से लोगों को ढूंढ़ने का काम कर रही है।

**फोन की लास्ट लोकेशन से लाशें ढूंढी जा रहीं, अब तक 318 मौतें, 206 लापता**

आर्मी के जनरल ऑफिसर कमांडिग मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब केवल डेडबॉडी ढूंढी जा रही हैं। मौसम विभाग ने 2 अगस्त को वायनाड में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

---

## ब्रीफ न्यूज़

### शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा यथास्थिति कायम रहेगी

**चंडीगढ़,**  । हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर खोलने के संबंध में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए शंभू बॉर्डर पर अभी यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई अब 12 अगस्त को होगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को एक स्वतंत्र कमेटी बनाने के निर्देश दिए थे, जो इस मामले की निष्पक्ष जांच करेगी। इसमें कुछ प्रतिष्ठित लोगों के नाम सुप्रीम कोर्ट में पेश करने को कहा था।

### जिम में ट्रेड मिल पर दौड़ते हुए अचानक आई मौत

**गाजियाबाद,**  वेव सिटी थानाक्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक जिम के अंदर ट्रेड मिल पर दौड़ लगाते समय बीमा एजेंट की मौत हो गई। घटना के बाद जिम में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। हार्ट अटैक आने से मौत होने का अंदेशा है। वेव सिटी थानाक्षेत्र के गांव महरौली स्थित पीआर एनक्लेव निवीस जलेंद्र सिंह (42) पत्नी और बेटी के साथ रहते थे। वह निजी बीमा कंपनी में एजेंट थे।

### आज का इतिहास

1108 : लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना।

1492 : यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया।

1492 : इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ भारत की खोज के लिए रवाना हुआ।

1678 : राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।

1780 : मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया।

1886 : हिंदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म।

1900 : फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना।

1914 : पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा।

### हमास चीफ हानिया कतर में हुआ सुपुर्द-ए-खाक

## ईरान-इजराइल में जंग का खतरा, एअर इंडिया ने तेल अवीव के लिए उड़ानें रोकीं

### अमीरात की सबसे बड़ी मस्जिद में हजारों लोगों ने अंतिम संस्कार की नमाज अदा की

**नई दिल्ली**

हमास चीफ इस्माइल हानिया को शुक्रवार को कतर की राजधानी दोहा में लुसैल के एक कब्रिस्तान में  सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शुक्रवार को कतर की राजधानी दोहा की सबसे बड़ी मस्जिद में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान हजारों लोग हानिया  को अंतिम विदाई देने पहुंचे। शोक मनाने वाले लोगों ने खाड़ी अमीरात की सबसे बड़ी इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वहाब मस्जिद के अंदर अंतिम संस्कार की नमाज अदा की जबकि कई लोगों ने 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में बाहर चटाई पर नमाज पढ़ी। पाक-तुर्की में झंडे झुकाए गए और शोक मनाया। दूसरी तरफ, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने 8 अगस्त तक दिल्ली से तेल अवीव के लिए सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है।



### हिजबुल्लाह ने इजराइल से बदला लेने का वादा किया

हानिया की मौत के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह ने इजराइल से बदला लेने का वादा किया है। उसने कहा कि फिलहाल इजराइली बहुत खुश लग रहे हैं, लेकिन आने वाले दिनों में वे खूब रोएंगे। नसरल्लाह ने इजराइल से सभी मोर्चे पर खुली लड़ाई का ऐलान किया। उसने कहा कि इजराइल ने रेड लाइन क्रॉस कर ली है। इजराइलियों को पता ही नहीं है कि इन मौतों पर हम कैसा जवाब देंगे। इससे पहले तेहरान में गुरुवार को हानिया को अंतिम विदाई दी गई।

### धमकी के कुछ घंटे बाद हिजबुल्लाह का हमला

नसरल्लाह की धमकी के कुछ ही घंटे बाद हिजबुल्लाह ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक कर दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने लेबनान से उत्तरी इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागे। इजराइली सेना के मुताबिक इसमें से सिर्फ 5 रॉकेट इजराइली सीमा में दाखिल पाए। इस हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है। हिजबुल्लाह ने कहा कि उन्होंने मेत्जुबा की उत्तरी इलाके से रॉकेट दागे।

### गाजा में स्कूल पर इजराइली सेना का हमला, 15 की मौत

इजराइली सेना ने गुरुवार को गाजा शहर के शेजिया में एक स्कूल पर हमला किया था, जिसमें 15 लोग मारे गए। इसके अलावा दर्जनों लोग घायल हो गए। गाजा सिविल डिफेंस के प्रवक्ता ने बताया कि इजराइल ने दलाल अल-मुगराबी स्कूल पर तीन मिसाइलें दागीं। यहां पर सैकड़ों विस्थापित लोगों ने शरण ली थी। यहां मलबे में कई लोगों के दबे होने का अनुमान है। इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने स्कूल कैम्पस में छुपे हमास के लड़ाकों को निशाना बनाया था। ये सभी इजराइल के खिलाफ हमले की योजना बनाते थे।

## पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा को मिली जमानत

### भूमि विवाद में धमकी देने का मामला

**पूना,**  पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को शुक्रवार को पुणे की कोर्ट ने आपराधिक धमकी देने के मामले में जमानत दे दी। ये केस जमीन के विवाद से जुड़ा हुआ है। मनोरमा खेडकर को अडिशनल सेशन जज एएन मारे ने जमानत दे दी। यह जानकारी मनोरमा के वकील सुधीर शाह ने दी। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मनोरमा खेडकर और उनके पति दिलीप खेडकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसके बाद पुणे ग्रामीण पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी थी। इस वीडियो में मनोरमा पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में  भूमि विवाद में कुछ लोगों को बंदूक से धमकाती हुई नजर आ रही थीं। यह साल 2023 की घटना थी।

**पिता दिलीप खेडकर को मिल चुकी है बेल**: इस संबंध में पौड पुलिस ने मामला दर्ज किया था। खेडकर दंपत्ति और पांच अन्य पर आईपीसी की धारा 307, 144, 147 और 506 के अलावा आर्म्ड एक्ट के तहत भी केस किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से दोनों घर पर नदारद थे और उनका फोन भी बंद आ रहा था। हालांकि मनोरमा को महाड के पास हिरकनिवाड़ी गांव में एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पति दिलीप खेडकर को मामले में अग्रिम जमानत मिल गई है।

### पूजा के बाद छह अफसरों पर लटकी जांच की तलवार

कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग ट्रेनी और सेवारत अधिकारियों के सर्टिफिकेट्स को लेकर काफी सजग हो गया है। इसी कड़ी में 6 सिविल सेवकों के विकलांगता प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी।डीओपीटी ने उम्मीदवारों की विकलांगता स्थिति की फिर से जांच के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक को पत्र लिखा है। जिन 6 अफसरों के प्रमाणपत्र संदेह के दायरे में हैं उनके मेडिकल सर्टिफिकेट बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

### पार्टी अध्यक्ष ने की घोषणा

## कमला हैरिस डेमोक्रेटिक से लड़ेगी राष्ट्रपति चुनाव



**वाशिंगटन,**  डीएनसी अध्यक्ष जैमी हैरिसन ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के लिए पार्टी का नामांकन जीतने के लिए डेमोक्रेटिक प्रतिनिधियों से पर्याप्त वोट मिले हैं। हैरिस ने कहा कि वह सोमवार को वर्चुअल रोल कॉल पूरा होने के बाद अगले सप्ताह औपचारिक रूप से नामांकन स्वीकार कर लेंगी, किसी प्रमुख पार्टी के टिकट का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला और पहली एशियाई अमेरिकी बन जाएंगी।

यह घोषणा आभासी कार्यक्रम के दौरान हुई। हैरिस ने वर्चुअल रोल कॉल पर कहा, मैं यूएसए के राष्ट्रपति पद के लिए संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार होने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। वर्चुअल वोटिंग अवधि समाप्त होने के बाद, मैं अगले सप्ताह आधिकारिक तौर पर आपका नामांकन स्वीकार कर लूंगी। लेकिन मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि हमारे पास नामांकन सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधि हैं।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी के नौ ठिकानों पर एसीबी के छापे

**जयपुर,**  राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यवाहक आयुक्त के नौ ठिकानों पर छापे मारे। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं सांचौर नप के कार्यवाहक आयुक्त योगेश आचार्य ने खुद के और परिजनों के नाम से अवैध तरीके से आय से अधिक परिसंपत्ति अर्जित की है। ब्यूरो की जयपुर में विशेष अनुसंधान इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के नेतृत्व में सक्षम कोर्ट से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद ब्यूरो के विभिन्न दलों ने सुबह योगेश आचार्य के सांचौर, सुमेरपर, पाली, जोधपुर और जयपुर स्थित नौ विभिन्न ठिकानों की तलाशी ली।

## ज्ञानवापी के बाहर गेट न हटाने पर हंगामा, नमाज का बहिष्कार

**वाराणसी,**  वाराणसी में सावन की शिवरात्रि और जुमे की नमाज के दिन माहौल गरमा गया। ज्ञानवापी के बाहर 500 से ज्यादा नमाजियों ने हंगामा कर दिया। नमाजियों ने ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया। हंगामे की सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों और नमाजियों में नोकझोंक हो गई। इस पर शहर मुफ्ती धरने पर बैठ गए।

**पुलिस से नोकझोंक, मुफ्ती ने दिया 7 दिन का अल्टीमेटम**

ज्ञानवापी के भीतर करीब 150 नमाजी पहुंच गए थे, उन्होंने नमाज का बहिष्कार कर दिया। दरअसल, गुरुवार को प्रशासन काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर-4 से सटाकर ज्ञानवापी के नमाजियों के लिए नया अस्थायी गेट बनवा रहा था। नमाजियों ने नई परंपरा बताकर विरोध किया तो प्रशासन ने गेट बनाने का फैसला वापस ले लिया। हालांकि, गेट की चौखट बन चुकी थी। प्रशासन ने कहा था रात में इसे भी हटवा देंगे।

## देश में न्याय व्यवस्था का नया युग शुरू हुआ: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली,**  राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में ऐसे कई विषयों पर चर्चा की जाएगी, जो न केवल केंद्र-राज्य संबंधों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि जन-साधारण के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

श्रीमती मुर्मु ने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए विषय शामिल हैं, जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।  राष्ट्रपति ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आपराधिक न्याय से संबंधित तीन नए कानूनों के लागू होने से देश में न्याय व्यवस्था का एक नया



युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमारी सोच में बदलाव इन कानूनों के नामों से स्पष्ट है - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सुचारु संचालन के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां भी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

### केंद्र-राज्य के बीच एक प्रभावी सेतु बनाए: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस तरह से संवाद करें ताकि वंचित लोगों को शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है, जो संविधान के ढांचे के भीतर राज्य के लोगों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, खासकर यह आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में।

**चुनौतियों से निपटने के प्रयास जारी**: राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा- क्लाइमेंट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

### ईडी ने सपा सांसद कुशवाहा की करोड़ों की जमीन जब्त की

**लखनऊ,**  सपा के जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ शुक्रवार ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की लखनऊ में करोड़ों की भूमि जब्त कर ली है। यह भूमि कानपुर रोड पर स्कूटर इंडिया के सामने स्थित है। इस भूमि पर बाबू सिंह द्वारा संचालित हिंदी अखबार की प्रिंटिंग मशीन लगी है। इस भूमि के साथ कृषि योग्य जमीन भी है। वे एनएचआरएम घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल है।

## डिजिटल क्रांति में भारत के बढ़ते कदम

दुनियाभर में डिजिटल क्रांति के चलते भारत की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का लोहा माना जा रहा है। इस क्षेत्र में भारत कई विकसित देशों को पीछे छोड़ बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की तुलना में भारत समूची दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेन-देन कर रहा है। भारत में इसका प्रतिशत 80 फीसदी तक पहुंच गया है। कम पढ़े लिखे किसान, महिला और नौजवानों के हाथों में एंड्रॉयड स्मार्टफोन रहता है जो घर बैठे बड़ी आसानी से डिजिटल भुगतान कर देते हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की जमकर तारीफ हुई है। महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत के किसान, जिनका बैंकिंग प्रणाली से कभी कोई नाता नहीं था, वह भी अब अपने सभी लेनदेन स्मार्टफोन पर कर रहे हैं। भारत ने 80 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। ग्लोबल साउथ के कई हिस्सों में ऐसा देखने को नहीं मिलता है। डेनिस फ्रांसिस ने कहा- भारत में कई तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) में एक संबोधन के दौरान उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के जरिये लोगों की जिंदगी को बदला जा सकता है। इसी दौरान उन्होंने भारत का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने दुनिया के विकसित और विकासशील देशों के बीच के अंतर को खत्म करने की जरूरत बताई । ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ में एक बड़ा अंतर है, लेकिन हम इस खाई को पाटने की जगह और बढ़ाते जा रहे हैं। दरअसल भारत में डिजिटल क्रांति की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में रखी। इस योजना नाम डिजिटल इंडिया मिशन दिया गया। इसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण के जरिये भारत को नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी बनाना और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलना है। भारत के डिजिटल इंडिया मिशन के जरिये आर्थिक व्यवस्था में मजबूती आने के साथ ही गवर्नेंस और सिटीजन सर्विसेज सिस्टम में भी एक अभूतपूर्व बदलाव आया है। पिछले 9 साल में डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है। इसके साथ ही यूपीआई ने सबसे पसंदीदा पेमेंट मोड के रूप में गांव-गांव तक अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। डिजिटल मिशन को कामयाब बनाने के लिए भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षारता अभियान' की शुरुआत की और इसके जरिये 30 सितंबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 7.17 करोड़ लोगों को डिजिटल साक्षरता प्रदान की गई। इसी तरह सरकारी खरीद-फरोख्त में डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' स्कीम शुरू की गई। इस प्लेटफॉर्म के जरिये 30 सितंबर 2023 तक करीब 5.23 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका था। भारत में विश्व के सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत हिस्सा है। वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल भुगतानों में यूपीआई लेन-देन का हिस्सा 80 प्रतिशत है। वर्ष 2012-13 में 162 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए थे, जबकि वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक यह संख्या 14,726 करोड़ हो गई है। वर्ष 2022 में तत्काल डिजिटल लेन-देन का मूल्य संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के संयुक्त लेन-देन से चार गुना अधिक था।

### संतवाणी



कभी मत सोचिये कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है, अगर कोई पाप है, तो वो यही है, ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं। - **स्वामी विवेकानंद**, आध्यात्मिक गुरु

देशांतर

# वैश्विक पटल पर महाशक्तियों की कूटनीतिक चालें



शाहीन सबा

वैश्विक मामले इस सप्ताह भी वैसे ही गतिशील रहे जैसे हमेशा रहते हैं। रूस और अमेरिका के बीच विद्यमान कटुता को दरकिनार करते हुए दोनों देशों ने शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ी कैदी अदला-बदली को अंजाम देने के लिए कूटनीतिक वार्ता का विकल्प चुना। इस सप्ताह दोनों पक्षों से कुल 24 कैदियों को रिहा किया गया है और इसे रूस और अमेरिका के बीच संबंधों में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। दूसरी ओर, इस सप्ताह तेहरान में इजरायल द्वारा हवाई हमले के दौरान हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनीयेह की हत्या के कारण इजरायल-हमास युद्ध और भी तीव्र हो गया है। इस घटना ने ईरान और उसके सहयोगी गुटों की ओर से समन्वित जवाबी कार्रवाई के बारे में चिंताओं को बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।

7अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर आतंकवादी संगठन के हमले के बाद इजरायल ने इस्माइल हनीयेह और अतिरिक्त हमास अधिकारियों को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई थी, जिससे गाजा में एक भयंकर हिंसक संघर्ष शुरू हो गया था। यह हमला हनीयेह द्वारा तेहरान में ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के तुरंत बाद हुआ था। इसके अलावा, इजराइल ने हनीयेह पर हमले से कुछ घंटे पहले बेरूत में ईरान के करीबी सहयोगी हिजबुल्लाह के एक प्रमुख कमांडर को निशाना बनाया। फुआद शुक्र के अंतिम संस्कार के लिए एक सभा के दौरान, हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने घोषणा की कि इजराइल के साथ संघर्ष एक अलग चरण में पहुंच गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समूह हाल के हमले के लिए एक प्रतीकात्मक इशारे के बजाय एक रणनीतिक और पर्याप्त प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है। नसरल्लाह ने यह भी उल्लेख किया कि विभिन्न देशों ने हिजबुल्लाह को जवाबी



कार्रवाई न करने की सलाह दी थी। दूसरी ओर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ईरान और उसके सहयोगियों से संभावित जवाबी हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल किसी भी खतरे का रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह से जवाब देने के लिए सुसज्जित है। नेतन्याहू ने यह स्पष्ट किया कि इजरायल किसी भी स्रोत से देश के खिलाफ किसी भी आक्रामकता के लिए गंभीर परिणाम भुगतने में संकोच नहीं करेगा। बढ़ते तनाव से इस क्षेत्र में अस्थिर स्थिति और बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ने की संभावना को बल मिलता है, क्योंकि ईरान ने भी इस्माइल हनीया की हत्या के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की अपनी मंशा जाहिर की है। ईरान और हमास दोनों ने इस कृत्य के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है, जिसने इस घटना के बारे में कोई सार्वजनिक टिप्पणी करने से परहेज किया है। यह हत्या युद्ध विराम हासिल करने और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रही वार्ता के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है, जिसे हिजबुल्लाह के साथ तनाव कम करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता था। बढ़ते हालात को कम करने के लिए कूटनीतिक प्रयास सक्रिय रूप से चल रहे हैं।

पूरे संघर्ष में ईरान की भूमिका वास्तव में इजरायल और हमास के बीच पहले से ही विस्फोटक स्थितियों को और जटिल बना रही है। यह स्थिति शांति वार्ता की अनिश्चित प्रकृति और हिंसा को और बढ़ने से रोकने के लिए कूटनीतिक हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता को बल देती है। ईरान के लिए यह महसूस करने का सही समय है कि आतंकवादी संगठनों की मदद करके, वह अगला पाकिस्तान बनने का रास्ता तैयार कर रहा है। इससे संघर्ष को और बढ़ाने में मदद नहीं मिलनी चाहिए, बल्कि युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त करने के लिए कूटनीतिक वार्ता में मदद मिलनी चाहिए।

रूस और अमेरिका के लिए यह सप्ताह 'कूटनीतिक उपलब्धि' के लिहाज से एक सुखद पड़ाव पर समाप्त हो रहा है, क्योंकि दोनों देशों ने अंकारा हवाई अड्डे से शीत युद्ध के बाद की सबसे बड़ी कैदी अदला-बदली को अंजाम दिया। यह एक सुखद खबर है जिसने कूटनीति की शक्ति में विश्वास रखने वाले सभी लोगों का विश्वास बढ़ाया है। 24 व्यक्तियों के समूह में, जिसमें उल्लेखनीय हस्तियां शामिल हैं, पत्रकारों, राजनीतिक असंतुष्टों, संदिग्ध जासूसों, एक कम्प्यूटर हैकर के साथ-साथ एक व्यक्ति की हत्या का दोषी पाया गया था। रूस द्वारा रिहा किए गए लोगों में 16 व्यक्ति शामिल थे, जिनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच और मिशिगन के एक कॉर्पोरेट सुरक्षा कार्यकारी पॉल व्हेलन शामिल थे, दोनों को कानूनी प्रणाली में जासूसी का दोषी पाए जाने के बाद लंबी जेल की सजा का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, उल्लेखनीय रेडियो पत्रकार अलसु कुर्माशेवा जो अमेरिका और रूस की दोहरी नागरिक हैं, को भी जुलाई में रूसी सेना के बारे में गलत जानकारी प्रसारित करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। रूसी सरकार के आलोचक और 25 साल की सजा काट रहे पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक व्लादिमीर कारा-मुर्जा भी रिहा किए गए लोगों में शामिल थे। दूसरी ओर अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, स्लोवेनिया और पोलैंड द्वारा आठ लोगों को रिहा किया गया। इस सूची में वादिम कसीकोव भी शामिल है, जिसे बर्लिन पार्क में एक पूर्व चेचन विद्रोही की हत्या के लिए 2021 में जर्मनी में दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा, रूस ने स्लोवेनिया में कैद दो कथित स्लीपर एजेंट, अमेरिकी संघीय अधिकारियों द्वारा आरोपित तीन व्यक्ति और नॉर्वे और पोलैंड से लौटे दो व्यक्तियों को प्राप्त किया। कुछ लोगों द्वारा किए गए दावों के बावजूद कि इस आदान-प्रदान से राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दोनों देशों में झूठी गिरफ्तारियां बढ़ सकती हैं, मैं इस अदला-बदली को अन्य देशों के लिए बातचीत में शामिल होने और विभिन्न मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश करने के अवसर के रूप में देख रही हूं। यह आदान-प्रदान उन लोगों में आशा का संचार करने वाली घटना है जो युद्धों को समाप्त करने की वकालत करते हैं। पूरा विश्व इस समय रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्षों के विनाशकारी प्रभाव को झेल रहा है और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से इन संघर्षों के अंत की कामना कर रहा है। मुझे आशा है रूस अमेरिका के इस कदम से अन्य राष्ट्र भी सीख लेंगें।

आज जन्मदिन पर विशेष

# सेवा और संकल्प के साम्य राजेन्द्र शुक्ल



ताहिर अली

मध्यप्रदेश के राजनीतिक क्षितिज में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्लजी दैदीप्यमान वह प्रकाश पुंज हैं जो उज्जवल भविष्य, चहुंओर विकास को प्रदर्शित करता है। उनका नाम, विकास का भविष्योन्मुखी सोच का परिचायक है। उन्हें विनम्रता का पर्याय कहना किसी भी तरह की अतिशयोक्ति नहीं होगी। निःस्वार्थ सेवा, अथक परिश्रम, गहन समर्पण, संकल्प, अटूट निष्ठा, जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदा तत्परता और लक्ष्य की ओर निरंतर यात्रा ने उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाई है। वे नवोन्मेषी विचारक हैं। श्री राजेंद्र शुक्ल का जन्म और प्रारंभिक शिक्षा रीवा, मध्यप्रदेश में हुई। रीवा में 3 अगस्त 1964 को जन्में श्री राजेन्द्र शुक्ल ने युवा अवस्था में ही राजनीति के प्रति अपनी रूचि बता दी थी, जब वे वर्ष 1986 में रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1992 में युवा सम्मेलन का आयोजन करने में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। श्री शुक्ल ने वर्ष 1998 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए गए। व्यवसाय कृषि, तैराकी के शौकीन पहली बार वर्ष 2003 में विधानसभा के लिए चुने गए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं पर्यावरण रहे। श्री शुक्ल वर्ष 2008 में तेरहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी, खनिज साधन, विधि और विधायी कार्य और ऊर्जा मंत्री रहे। वर्ष 2009 में ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का प्रभार संभालने के पश्चात श्री शुक्ल ने गुजरात की ग्राम ज्योति योजना से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश में भी अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लक्ष्य को हासिल किया गया। ऊर्जा मंत्री के रूप में बिजली संकट जूझते हुए मध्यप्रदेश को रोशन करने की उन्हें चुनौती मिली। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उन्होंने प्रदेश को बिजली संकट से उबारा। आज मध्यप्रदेश सरप्लस बिजली राज्य के रूप में खड़ा है। वर्ष 2012 में उन्हें मंत्री ऊर्जा, खनिज साधन बनाया गया। वर्ष 2013 में चौदहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और मंत्री, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा,



खनिज साधन, जनसम्पर्क, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार, प्रवासी भारतीय विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री शुक्ल ने जनसंपर्क मंत्री के रूप में भी एक अलग पहचान स्थापित की। पत्रकारों के हित में अनेक योजनाओं को अमली जामा पहनाया। वर्ष 2018 में चौथी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। श्री शुक्ल ने 26 अगस्त 2023 को कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की। मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क विभाग रहे। वर्ष 2023 में पांचवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए और 13 दिसम्बर 2023 को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

रात-दिन विंध्य के विकास का सपना देखने वाले श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपनी जन्म-भूमि विंध्य के विकास के प्रति अपने दायित्व को बखूबी निभाया। उन्होंने विंध्य क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा पर्यटन विकास को अपनी प्राथमिकता में रखा है। अपने क्षेत्र के विकास के लिए उनके ड्रीम प्रोजेक्ट्स मुकुन्दपुर व्हाइट टाइगर सफारी, चाकघाट से इलाहाबाद और हनुमना से बनारस फोर-लेन का निर्माण हो। श्री शुक्ल ने रीवा के चौतरफा विकास में विशेष रूचि ली है। इसी के चलते रीवा विकास शहर के रूप में उभरा है। रीवा सहित पूरे विन्ध्य को यातायात और संचार के साधन मिलने के लिए उन्होंने कायाकल्प करने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व और प्रयासों से रीवा और विन्ध्य क्षेत्र को नई पहचान मिली है और वे निरंतर अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री रहते हुए, उन्होंने रीवा में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्लांट की स्थापना की और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पित किया। श्री शुक्ल ने व्हाइट टाइगर को विंध्य क्षेत्र के मुकुन्दपुर वन क्षेत्र में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह क्षेत्र 46 वर्षों से व्हाइट टाइगर से वंचित था, जो कि विंध्य क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण राजनैतिक और भावनात्मक मुद्दा रहा है। वर्ष 2014 में स्थापित इस जू में आज भी हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बना हुआ है। श्री शुक्ल रीवा सहित विंध्य क्षेत्र के विकास के कार्यों में सदैव सक्रिय रहे हैं। रीवा में एयरपोर्ट सुविधा के लिए उनके प्रयास फलीभूत हुए और विंध्य की देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी विशेष अभिरूचि रही है। जगह-जगह पौधारोपण और ईको-पार्क, नगर वन तथा एपीएस वन का निर्माण करवाया है। युवाओं के खेलकूद के लिए उन्होंने विश्व स्तरीय मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया। बीहर नदी में रिवर फ्रंट का निर्माण भी उनके प्रयासों का परिणाम है। श्री शुक्ल के प्रयासों से संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। माखनलाल विश्वविद्यालय के रीवा परिसर की स्वीकृति, भवन निर्माण एवं संचालन के कार्य को मूर्तरूप देने का कार्य किया। रीवा विधानसभा में करीब 50 से अधिक विद्यालय भवन विहीन थे। विद्यालय पेड़ों के नीचे संचालित थे। अभियान चला कर भवन निर्माण करवाया। 50 वर्ष से उन्नयन की बाट जोह रहे 5वीं से 8वीं करीब 25 विद्यालयों का उन्न्यन कराया गया। शिक्षा और संस्कृति के प्रति यह उनका समर्पण प्रदर्शित करता है। उनके द्वारा गौ-सेवा में जनमानस की सहभागिता एवं प्रयासों को आर्थिक रूप से लाभकारी बनाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। बसामन मामा गौ-अभयारण्य गायों की देखभाल और संरक्षण के उत्कृष्ट प्रयासों का मूर्त मॉडल है। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्लजी का लक्ष्य मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों पर देश में शीर्ष पर ले जाना है। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वे सतत प्रयास कर रहे हैं, ताकि हर क्षेत्र के नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं सुलभता से प्राप्त हो सकें और अंत में श्री शुक्ल की सोच और संकल्प को रेखांकित करती हुई दो पंक्तियां -भीड़ में भीड़ बनकर रहे तो क्या रहे। भीड़ में अपनी निजी पहचान होनी चाहिए।

**(लेखक सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)**

मामला छेड़छाड़ का

# कहां गई तहजीब सभ्य समाज की?



मुनीष भाटिया

स्वतंत्रता बाद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि महिला एवं बाल सुधार हेतु बड़ी तेजी से सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं लेकिन फिर भी जब देश में बालक-बालिकाओं की दशा पर दृष्टि डाली जाती है तो सहसा बलात्कार एवं बाल यौन उत्पीड़न की घटनाओं में उत्तरोत्तर हो रही वृद्धि यह सोचने को मजबूर कर रही है कि समाज आज किस खतरनाक मुहाने पर खड़ा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए लखनऊ के पॉश इलाके में जल भराव के दौरान महिला से छेड़छाड़ की घटना से मानवता को शर्मसार कर दिया है। जो शहर कभी अपने तहजीब के लिए मशहूर था वहां बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी गई। देश में हर रोज इस तरह की दरिंदगी के किस्से किसी ना किसी राज्य से भले कश्मीर हो या पंजाब या फिर उत्तरप्रदेश या राजस्थान से सुनने को मिलते ही रहते हैं इसका एकमात्र कारण समाज के प्रत्येक वर्ग में शिक्षा का अभाव है। होशियारपुर कांड में छह वर्ष की बालिका से बलात्कार के बाद उसको जिंदा जला देना हैवानियत को भी शर्मसार करता है। अयोध्या में बारह वर्ष की बालिका के साथ रेप करना और उसके खिलाफ देशभर में मौन धारण किए रखना यह सिद्ध करता है कि किस तरह दिल दहलाने वाली घटनाओं में हमारा राजनैतिक परिवेश अपना नफा नुकसान देखता है।

बाल शोषण से जुड़े यौन अपराधों के लिए भारत सरकार ने पॉक्सो एक्ट 2012 में संशोधन को मंजूरी देकर यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड का दंडात्मक प्रावधान भी किया किन्तु फिर भी समाज की गंदी सोच नहीं बदल पा रही है। इस कानून के संशोधन में दंडात्मक प्रावधानों में स्पष्टता लाते हुए यह उम्मीद की गई थी कि बालक-बालिकाओं से यौन जुड़े अपराध में कमी आएगी और बालक-बालिकाओं के हितों में सुरक्षा आएगी। पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत एक बालक की आयु को 18 वर्ष की कम उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है और हर स्तर पर बच्चों के हितों और उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही बाल दुर्व्यवहार की श्रेणी में भावनात्मक स्तर पर किए जाने वाला व्यवहार ही भी इस श्रेणी में रखा गया है जिसमें जानबूझकर या पूरी सूझ-बूझ से अश्लील सामग्री देना दिखाना या गलत तरीके से छूना अथवा बाल नग्न और अश्लील चित्र या वीडियो क्लिप बनाना भी बाल यौन दुर्व्यवहार माना गया है। किन्तु लखनऊ के तथाकथित सभ्य समाज ने ना केवल बालिका से बदतमीजी की बल्कि उसकी वीडियो क्लिप बनाकर वायरल भी किया। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा का ऐलान अतिशीघ्र करना चाहिए ताकि फिर से कोई घटना समाज को शर्मसार ना कर सके। आज यदि हम समाज पर समाचारों में यत्र-तत्र सर्वत्र बाल यौन उत्पीड़न की घटनाएं सुनने-देखने को मिल जाएंगी। इसका एक कारण समाज में नारी को उपभोग की वस्तु बनाकर एक 'ब्रांड' की तरह पेश करना भी है। त्याग व ममता की प्रतिमूर्ति को बाजारू वस्तु बनाकर, अश्लीलता का नंगा नाच किया जा रहा है जिससे समाज में चारित्रय व नैतिकता का ह्रास हो चुका है। कोई ना कोई किसी ना किसी रूप में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अश्लीलता फैला रहा है। समाज में इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें अश्लीलता को समाज का अभिन्न अंग मानकर प्रस्तुत किया जा रहा है। यह समाज के नैतिक व चारित्रिक दिवालिएपन का ही परिणाम है कि समाज में संयम समाप्त हो रहा है। भारत में घटित हो रही ऐसी उच्छृंखल यौनाचार की घटनाएं समाज में फैल रही असहय अश्लीलता के फलस्वरूप ही घटित हो रही हैं।आज समय की यह मांग है कि कड़े से कड़े कानून बनाकर और ऐसे मामलों में फास्ट ट्रेक कोर्ट में निबटारा करने का प्रावधान किया जाए और समाज की इन नकारात्मक प्रवृत्तियों पर लगाम कसी जाए।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

पुण्यतिथि आज

# स्वतंत्रता संग्राम के नायक प्रेमकृष्ण



रमेश शर्मा

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख नाम प्रेमकृष्ण खन्ना हैं। जिन्होंने न केवल चंद्रशेखर आजाद को माउजर पिस्टल उपलब्ध कराई अपितु कॉकोरी में उपयोग करने के लिए बम एवं अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई। भारत की सबसे प्रमुख क्रांतिकारी संस्था हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे। खन्ना जी ही इस संस्था को साधन उपलब्ध कराने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान में सहयोग करते थे। क्रांतिकारियों ने जब रेलवे से जा रहे सरकारी धन को कॉकोरी में लूटने की योजना बनाई तो इसके लिए माउजर पिस्तौल, उसके कारतूस तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराने का दायित्व खन्ना जी को सौंपा। खन्ना जी ने अपने नाम से लिए गए शस्त्र-लायसेंस पर पिस्तौल और कारतूस खरीदे और क्रांतिकारियों को सौंपे। खन्ना जी सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल के व्यक्तिगत मित्र थे। प्रेमकृष्ण खन्ना इन्हीं के माध्यम से क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़े थे। सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी प्रेमकृष्ण खन्ना का जन्म 2 फरवरी 1894 में पंजाब के लाहौर नगर में हुआ था। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। लाहौर में उनके पितामह डॉ. हरिनारायण जी खन्ना अपने समय के सुप्रसिद्ध सिविल सर्जन थे। शाहजहांपुर सेवा समिति ने संसार के विभिन्न स्वतंत्रता आंदोलन के आधार कुछ साहित्य तैयार किया था जिसमें दो पुस्तिकाएं तो अंग्रेजों से मुक्ति के लिए अमेरिका के स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित थीं। यह पुस्तिका बिस्मिल जी ने तैयार की थी और इसके प्रकाशन और वितरण का दायित्व



प्रेमकृष्ण खन्ना को दिया गया था। 1916 में अंग्रेज सरकार ने इस पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया था। पर यह समिति गुप्त रूप से इन पुस्तिकाओं का वितरण किया करती थी। शाहजहांपुर सेवा समिति के सदस्य इन पुस्तिकाओं को लेकर दिल्ली अधिवेशन में गए थे। जहां वरिष्ठजनों को भेंट भी कीं और आवाज लगाकर पंडाल में बेची भी। पुलिस को इसकी भनक लगी, पुलिस पहुंची पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही बड़ी चतुराई से शेष बची प्रतियां हटा लीं गईं। इस प्रकार यहां तो खन्ना जी बच गए किन्तु कॉकोरी कांड में न बच सके। यद्यपि प्रेमकृष्ण खन्ना मौके पर नहीं थे पर कॉकोरी कांड में माउजर, पिस्तौल और कारतूस जब्त हुए। उनकी जांच की गई। तो वह पिस्तौल प्रेमकृष्ण खन्ना के नाम होना पाई गई। मुखबिर की सूचना पर इंस्पेक्टर हार्टन ने कानपुर के शस्त्र विक्रेता मेसर्स विश्वास एण्ड कम्पनी के रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर से पता चला कि 14 फरवरी 1924 से 5 जनवरी 1925 के बीच प्रेमकृष्ण खन्ना ने 150 कारतूस खरीदे। वे गिरफ्तार कर लिए गए। उन्हें पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा मिली। जबकि मुकदमें की कार्रवाई दो वर्ष चली। इस प्रकार खन्ना जी कुल सात वर्ष जेल में रहे। जेल से बाहर आकर आजन्म अविवाहित रहकर राष्ट्र और समाज की सेवा का व्रत लिया। खन्ना जी जब जेल से छूटे तब तक क्रांतिकारी आंदोलन लगभग सिमट गया था। वे गांधी जी से मिले और गांधी जी के आग्रह पर कांग्रेस से जुड़ गए। इसके बाद अहिसंक आंदोलन में सक्रिय हुए। वे दूसरी बार 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में गिरफ्तार हुए। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने समाज सेवा के अनेक प्रकल्प आरंभ किए। दो बार लोकसभा सदस्य बने। 3 अगस्त 1993 को जब उन्होंने जिला अस्पताल में अपनी देह त्यागी तब जीवन का शतक पूर्ण करने में मात्र 6 माह ही शेष थे। इस प्रकार एक जीवट व्यक्ति जिन्होंने क्रांतिकारी आंदोलन से जीवन आरंभ किया और अहिंसक आंदोलन से होकर अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## जनमानस

### संसद की छत बनाम आसमानी बादल

नए संसद भवन की बारिश से छत लीक होने पर विपक्ष बोला संसद के अंदर छत लीक बाहर पेपर लीक हो रहे हैं और आगे यह भी बोल देना चाहिए कि कहीं धरती फट रही है तो कहीं बादल लीक हो रहे हैं। मसलन संसद से सड़क और धरती से आसमान तक सब लीक ही लीक हो रहे हैं, मोदी सरकार की मेहरबानी से। बस लीक नहीं है तो वह है हमारा विपक्ष जो फेविकोल के जोड़ से भी ज्यादा मजबूती से जुड़ा हुआ है।

– **शकुंतला नेनावा,**
57, गिरधर नगर, इंदौर

### पालकों की निगरानी में बच्चे मोबाइल चलाएं

बच्चों के हाथ में देना कुछ हद तक तो ठीक है, किंतु मोबाइल चलाने में बच्चा इतना भी नहीं रम जाए कि पालक, शिक्षक की अनसुनी ही नहीं, बल्कि उनकी उपेक्षा भी करने लगे। ऐसी स्थिति बनने, मोबाइल जनित रोगों से बचने हेतु बच्चों के लिए मोबाइल चलाने का समय निर्धारित करें, लंबे समय तक अकेला नहीं छोड़ें, उन्हें टोकते रहें। इससे मोबाइल चलाने की आदत में सुधार होने के साथ बच्चे भी आवश्यकतानुसार ही स्वयमेव मोबाइल चलाएंगें।

– **बीएल शर्मा तराना,** उज्जैन

### पेरिस ओलंपिक : 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंची

# मनु तीसरे पदक के करीब

एजेंसी ■ पेरिस

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मनु क्वालिफिकेशन दौर में दूसरे स्थान पर रहीं। हालांकि, एक अन्य भारतीय ईशा सिंह फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। ईशा क्वालिफिकेशन में 18वें स्थान पर रहीं।

मनु ने प्रिसीजन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 296 का स्कोर बनाया। कुल स्कोर मनु का 590 का रहा और उन्होंने 24 एक्स लगाए। पहले स्थान पर हंगरी की मेजर वेरोनिका रहीं। उन्होंने प्रिसीजन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 298 का स्कोर बनाया। वेरोनिका का कुल स्कोर 592 का रहा और उन्होंने 27 एक्स यानी परफेक्ट 10 लगाए। प्रिसीजन दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहीं वेरोनिका और फ्रांस की कैमिली जेद्रेजेवस्की ने भी मनु के समान 294 अंक जुटाए, लेकिन दोनों ने एक्स (लक्ष्य का केंद्र) पर अधिक निशाने लगाकर पहले दो स्थान पर कब्जा जमाया। मनु ने एक्स पर सात निशाने साधे जबकि वेरोनिका और कैमिली ने क्रमशः 15 और 13 बार ऐसा किया।



### लगातार तीसरे इवेंट के फाइनल में मनु

मनु ने अपने लगातार तीसरे इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। इससे पहले वह महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंची थीं। दोनों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। मनु के पास पदकों की हैट्रिक लगाने का मौका है। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय भी हैं। मनु कल यानी शनिवार को 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का फाइनल खेलेंगी। यह मुकाबला दोपहर एक बजे से खेला जाएगा।

### ईशा का निराशाजनक प्रदर्शन

ईशा प्रिसिजन में 291 और रेपिड में 290 अंक के साथ कुल 581 अंक जुटाकर 18वें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने प्रिसिजन की पहली दो सीरीज में 95 और 96 अंक जुटाने के बाद 100 अंक के साथ जोरदार वापसी की लेकिन रेपिड दौर में 97, 96 और 97 अंक ही जुटा सकीं। क्वालिफिकेशन के प्रिसिजन दौर के बाद मनु और ईशा क्रमशः तीसरे और 10वें स्थान पर थे।

# हॉकी : भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद ओलंपिक में हराया। इससे पहले 1972 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज की थी। क्वार्टर फाइनल से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया।

शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में अभिषेक ने पहले क्वार्टर के 12वें मिनट में गोल किया और भारत ने 1-0 से बढ़त बनाई। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर में 13वें मिनट में गोल कर दिया। इसी के साथ भारत 2-0 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया का खाता खुला। 25वें मिनट में क्रैग थॉमस ने गोल किया और टीम का स्कोर 2-1 हो गया। 26वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत सिंह ने बचाया। हाफ टाइम तक भारत 2-1 की बढ़त के साथ आगे था। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह ने 32वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक में गोल किया। इसी के साथ भारत 3-1 से आगे हो गया। तीन क्वार्टर के बाद भारत ने 3-1 से ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त बनाए रखी। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के लिए ब्लैक गोवर्स ने 55वें मिनट में गोल किया और ऑस्ट्रेलिया को 3-2 की बढ़त दिलाई। इसी के साथ भारत ने जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



**बेल्जियम से मिली हार–** गुरुवार को बेल्जियम ने पूल बी के मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 2-1 से हराकर भारत का पेरिस ओलंपिक में चला आ रहा अजेय अभियान रोक दिया। भारत को अभिषेक ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर शुरुआती बढ़त दिलाई थी, लेकिन बेल्जियम के लिए थिबेयू स्टॉकब्रोएक्स और जॉन डोचमैन ने तीसरे क्वार्टर में एक-एक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। भारतीय टीम ने बेल्जियम के खिलाफ मैच से पहले कोई मुकाबला नहीं गंवाया था। भारत ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी, जबकि अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। हालांकि, बेल्जियम के खिलाफ शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

# तीरंदाजी : धीरज–अंकिता पदक पक्का करने से एक जीत दूर

**पेरिस।** धीरज और अंकिता की जोड़ी अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो देश के लिए पदक पक्का कर लेगी।

भारत का सामना अब कोरिया की शियोन लिम और वूजिन किम की जोड़ी से होगा। भारत के लिए हालांकि कोरियाई जोड़ी का सामना करना आसान नहीं होगा। अगर भारतीय जोड़ी किसी तरह इस चुनौती से पार पाने में सफल रही तो इतिहास रच देगी। मालूम हो कि भारत को ओलंपिक के इतिहास में कभी तीरंदाजी में कोई पदक नहीं मिला है और धीरज तथा अंकिता के पास इतिहास रचने का यह सुनहरा अवसर है।

भारत के धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत की मिश्रित युगल तीरंदाजी जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक की तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पाब्लो गोंजालेस और ईलिया केनालेस की स्पेन की जोड़ी को 5-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी अब तीरंदाजी में देश के पहले ओलंपिक पदक से एक जीत दूर है। क्वालीफिकेशन दौर में पांचवें स्थान पर रहने वाले धीरज और अंकिता ने पाब्लो और ईलिया की जोड़ी को 38-37, 38-38, 36-37, 37-36 से हराया।



# रोइंग : बलराज अंतिम डी में पांचवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारत के बलराज पंवार पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के फाइनल डी में 7:02.37 का समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसी के साथ भारत का रोइंग अभियान समाप्त हो गया।

25 वर्षीय सेना के जवान ने केवल चार साल पहले इस खेल में हिस्सा लेना शुरू किया था, वह अपने ओलंपिक पर्दापण में कुल मिलाकर 23वें स्थान पर हैं। हालांकि, वह ओलंपिक में रोइंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। यह रिकॉर्ड अभी भी अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स जोड़ी के नाम दर्ज है, जो टोक्यो 2020 में 11वें स्थान पर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पंवार ने इस वर्ष अप्रैल में दक्षिण कोरिया के चुंगजू में एशियन और ओसिनियन रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल किया था।



### पंघाल और पृथ्वीराज स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट अमित पंघाल और पृथ्वीराज टोंडाइमन शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौट आए। भारतीय खिलाड़ी अमित ने मुक्केबाजी एवं पृथ्वीराज ने ट्रैप शूटिंग में प्रतियोगिता में भाग लिया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दिल्ली में हवाईअड्डे पर हवाईअड्डा स्टाफ एवं प्रशंसकों ने एथलीटों का जोरदार स्वागत किया।





## तूलिका जूडो के राउंड ऑफ 32 में हारी

**पेरिस।** भारतीय जुडोका तूलिका मान पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 78 प्लस किग्रा राउंड ऑफ 32 में क्यूबा की इडालिस ऑर्टिज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां पर्दापण ओलंपिक में तूलिका को इडालिस 28 सेकेंड के चले मुकाबले में 10-0 से हराया। लंदन ओलंपिक 2012 चैंपियन ऑर्टिज राउंड ऑफ 16 में पहुंच गईं। यदि 34 वर्षीय क्यूबाई जुडोका फाइनल में पहुंचती है, तो 25 वर्षीय तुलिका मान रेपेचेज के पहले राउंड में शामिल होंगी।

# ओलंपिक के प्री क्वार्टर फाइनल में हार से निराश सिंधू लेंगी ब्रेक

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रियो ओलंपिक 2016 में रजत और टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ओलंपिक में अपने तीसरे पदक के चूकने से निराश हो गई हैं। सिंधू ने शुक्रवार को कहा कि वह संक्षिप्त ब्रेक लेंगी, क्योंकि वह अपने करियर की सबसे कड़ी हार में से एक से उबर रही हैं। सिंधू ने अपने आगे के सफर का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद खेल जारी रखने का वादा किया। सिंधू चीन की दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी ही बिंग जियाओ से सीधे गेम में हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई थी।

सिंधू भारत की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने एक स्वर्ण और दो रजत सहित पांच विश्व चैंपियनशिप पदक जीते हैं। वह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की कई बार की पदक विजेता भी हैं। भारत की शीर्ष खिलाड़ियों शामिल इस 29 वर्षीय ने कहा कि खेलों के लिए उनकी तैयारी आदर्श नहीं थी लेकिन पेरिस आने के बाद उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

### सिंधू ने की भावुक पोस्ट

सिंधू ने एक्स पर पोस्ट किया, अपने भविष्य के बारे में मैं स्पष्ट होना चाहती हूं। मैं खेलना जारी रखूंगी, हालांकि थोड़े समय के ब्रेक के बाद। मेरे शरीर और उससे भी महत्वपूर्ण बात, मेरे दिमाग को इसकी जरूरत है। हालांकि मैं आगे की यात्रा का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की योजना बना रही हूं और जिस खेल से मैं बहुत प्यार करती हूं, उसे खेलने में ज्यादा आनंद ढूंढूंगी। यह हार मेरे करियर की सबसे कठिन हार में से एक है। इसे स्वीकार करने में समय लगेगा लेकिन जैसे-जैसे जीवन आगे बढ़ेगा, मुझे पता है कि मैं इसे स्वीकार कर लूंगी।





# हैदराबाद में एक और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनेगा

एजेंसी ■ हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य सरकार शहर में एक और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण करेगी।

खेलों पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नया स्टेडियम बेगरीकांचा में कौशल विश्वविद्यालय के पास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के बारे में बीसीसीआई के साथ प्राथमिक चर्चा पहले ही पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार मार्गदर्शन के लिए हरियाणा की खेल नीति का भी अध्ययन कर रही है। रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य में खेलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने मौजूदा बजट में 321 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि यूसुफगुडा, गाचीबोवली, सरूरनगर और एल बी स्टेडियम जैसे मौजूदा स्टेडियमों में खेल गतिविधियों में कमी आई है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

### पदक तालिका

| देश | (रैंक) | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| चीन | (1) | 12 | 7 | 7 | 26 |
| अमेरिका | (2) | 9 | 16 | 14 | 39 |
| फ्रांस | (3) | 8 | 11 | 9 | 28 |
| ऑस्ट्रेलिया | (4) | 8 | 6 | 5 | 19 |
| जापान | (5) | 8 | 3 | 5 | 16 |
| भारत | (44) | 0 | 0 | 3 | 3 |

**पहल** बीसीसीआई खिलाड़ियों से लेगा शपथ पत्र

# सिगरेट-शराब के विज्ञापन में नहीं दिखेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अब देश का कोई भी खिलाड़ी शराब या धूम्रपान का विज्ञापन करता दिखाई नहीं देगा। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने बीसीसीआई और साई को पत्र लिख खिलाड़ियों से तत्काल शपथ पत्र लेने के लिए कहा है। पत्र में डॉ. गोयल ने लिखा है कि खिलाड़ी खासतौर पर क्रिकेटर देश की युवा आबादी के लिए रोल मॉडल हैं। यह युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित कर सकते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य है कि अक्सर खेल जगत के दिग्गज सितारे सिगरेट, बीड़ी या फिर पान मसाला का विज्ञापन करते हुए दिखाई देते हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी से स्वास्थ्य महानिदेशक ने देश की आबादी को स्वस्थ रखने के संकल्प में सरकार का सहयोग देने के लिए कहा है। उन्होंने अपील की है कि आईपीएल या अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान इस तरह के विज्ञापनों का प्रसार नहीं होना चाहिए। साथ ही खिलाड़ियों को इन विज्ञापनों से दूर करने के लिए तत्काल उपायों पर गौर करना चाहिए। डॉ. गोयल ने सुझाव दिया है कि बीसीसीआई खिलाड़ी से एक शपथ पत्र ले सकती है, जिसमें वह इन विज्ञापनों से खुद अलग रखने का वादा करेंगे। इसी तरह का एक पत्र भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान को लिखा गया है।

### खिलाड़ी व फिल्म स्टार ऐसे विज्ञापनों में आते हैं नजर

देश के चर्चित खिलाड़ी और फिल्म स्टार अक्सर विभिन्न माध्यमों में तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन करते दिखाई देते हैं। इनमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव से लेकर वीरेंद्र सहवाग, सुनील गावस्कर और फिल्म अभिनेता अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहरुख खान तक शामिल हैं। इन विज्ञापनों को लेकर अक्सर ये हस्तियां सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुई हैं। यह बात अलग है कि कानून बनने के लंबे समय बाद सरकार ने अब इन खिलाड़ियों को नियमों के दायरे में लाने का फैसला लिया है।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 19 क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेगी

**इंदौर।** विद्युत मंडल कार्मिक कल्याण की केंद्रीय संस्था केंद्रीय क्रीडा और कला परिषद के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 19 क्रीडा और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेगी। प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीमें भागीदारी करेगी, वहीं क्रिकेट की मेजबानी इंदौर शहर वृत्त ही करेगा। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देश एवं मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य के मार्गदर्शन में स्पर्धाओं के लिए प्राथमिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ की गई है। अलग-अलग प्रतियोगिताओं की तैयारी विद्युत कंपनी के पृथक क्षेत्र, वृत, संभाग के प्रभार में की जाएगी। अगस्त अंतिम सप्ताह में तैराकी प्रतियोगिता चचाई में होगी, इसकी टीम की तैयारी इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की जाएगी।

### आईपीएल के टीम मालिकों की मांग

# अनुपलब्ध रहने पर विदेशी खिलाड़ियों पर लगे दो वर्ष का प्रतिबंध

एजेंसी ■ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीम मालिकों ने कहा है कि नीलामी में खरीदे जाने के बाद बिना किसी ठोस वजह अनुपलब्ध रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों को पर दो साल का प्रतिबंध लगना चाहिए।

टीम मालिकों और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच बुधवार को हुई बैठक में फ्रैंचाइजियों ने यह मांग की। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के सामने विदेशी खिलाड़ियों को बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराने को अनिवार्य करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अनुपलब्ध रहने का असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ता है क्योंकि टीम की रणनीति उन विदेशी खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि, अगर खिलाड़ियों को बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कहा जाता है, या उन्हें चोट लग जाती है या फिर परिवार में किसी काम से वह टीम से अगर नहीं जुड़ पाते हैं, तो वो ऐसी स्थिति में खिलाड़ियों को अनुमति दे सकती है लेकिन खिलाड़ियों की अनुपलब्धता का पता उन्हें नीलामी समय पता चल जाए तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि कई बार बेस प्राइस पर खरीदे जाने वाले खिलाड़ी नीलामी के बाद अपना नाम वापस ले लेते हैं। उन्होंने एक खिलाड़ी का उदाहरण भी दिया जिसमें खिलाड़ी के मैनेजर ने यह शर्त रखी थी अधिक पैसे देने की स्थिति में वह खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि नीलामी के पिछले दो चक्र (2018-24) के दौरान कई ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जब विदेशी खिलाड़ी छोटी नीलामी में मोटी रकम हासिल करने के लिए बड़ी नीलामी में उपलब्ध नहीं रहे। उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी और उनके मैनेजर इस प्रणाली का लाभ उठाने का प्रयास करते हैं और ऐसे में इस पर लगाम लगाने के लिए कुछ प्रावधान करने की दरकार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK